ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 06 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-260 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00




विद्या ने 'नीयत' में 'नॉट सो क्लासिक ...

पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने नंदकिशोर लोहरा की हत्या के चार दोषियों फुलमनी देवी, घाना लोहरा, नाथन लोहरा और सुखराम लोहरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी। फुलमनी देवी, घाना लोहरा, नाथन लोहरा और सुखराम लोहरा के खिलाफ मृतक की पत्नी शिवानी देवी के बयान पर सोनाहातू थाना में कांड संख्या 45/2018 दर्ज की गई थी। मामले में अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किये गये थे।

### हाई कोर्ट ने सिमडेगा विधायक पर निचली अदालत में चल रही ट्रायल पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने बुधवार को सिमडेगा विधायक भूषण बारा को एक और मामले में राहत दी है। सिमडेगा महिला थाना में वर्ष 2019 में विधायक भूषण बारा के खिलाफ दर्ज केस को लेकर सिमडेगा की अदालत में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक लगा दी है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और मामले के सूचक को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल, महिला ने वर्ष 2019 में सिमडेगा महिला थाना में भूषण बारा के खिलाफ कांड संख्या 19 /2019 भी दर्ज कराई थी। मामले में पहले पुलिस ने भूषण बारा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, बाद में उस चार्जशीट को वापस लेते हुए पूरक चार्जशीट दायर करते हुए कहा था कि घटना के समय भूषण बारा वहां नहीं थे, उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत मामला बनता है।

### जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट की गोली मारकर हत्या

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के गैलेक्सिया मॉल के सामने स्थित काली मंदिर के पीछे वाली गली में बुधवार की शाम बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान संजय कुमार के रूप में की गई है। संजय जमीन कारोबारी कमल भूषण का अकाउंटेंट था और उससे जुड़े काम देखता था। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में जमीन कारोबारी कमल भूषण की भी इसी गली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या तब की गई थी जब वह अपनी कार से उतर रहे थे। बताया जा रहा है की उसकी हत्या के बाद संजय कुमार ही अकाउंट्स से जुड़े काम को देख रहा था।

## झारखंड में सात-आठ को भारी बारिश की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य में सात जुलाई से मानसून पूरी तरह फैल जायेगा। दक्षिणी झारखंड में सात और आठ जुलाई को भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में काले बादल छाए रहेंगे। कई जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। झारखंड में अभी भी मानसून की कमी है। जून महीने में बारिश की कमी दर्ज की गयी है। झारखंड में अब तक 39 फीसदी बारिश कम हुई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 137.7 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 226.3 मिमी के मुकाबले 39 फीसदी कम है। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बारिश होने की वजह से राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट आयी है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश देवघर के घोरमाड़ा में दर्ज की गयी है, जहां 85.2 मिमी हुई। इसके अलावा सिमडेगा, दुमका, लातेहार, पाकुड़, हजारीबाग, गोड्डा सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बारिश के दौरान आसमान से बिजली कहर बनकर गिरी। इसमें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 10 लोगों की मौत हो गई। कई मवेशी भी मारे गए।

मनरेगा घोटाला मामला

## हाई कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अदालत में बुधवार को चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी ) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। कोर्ट ने संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में भी पीइ ( प्रारंभिक जांच) दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चाईबासा में तीन वित्तीय वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे।

मातृत्व अवकाश के प्रस्ताव को दी गयी स्वीकृति

# संविदा महिला कर्मियों को सीएम की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश की अनुमन्यता प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। अब संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव वैसी महिला कर्मी पर लागू होगा जो पिछले 12 महीनों में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हों, उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए प्रसव पर अनुज्ञेय नहीं होगा। मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ देने का प्रावधान नहीं था। मामला जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति प्रदान की है।



मुख्यमंत्री ने 206 एंबुलेंस का किया लोकार्पण, 38 दंत चिकित्सकों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे, कहा

## हर पंचायत में खुलेगी फार्मेसी की दुकान

**रांची में खुलेगा भव्य मेडिकल कॉलेज, मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जिस तरह से रांची में रिम्स कार्यरत है उसे ध्यान में रखते हुए एक और नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना रांची में की जाएगी, जहां विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। चिकित्सकों की संख्या में भी इजाफा होना बहुत जरूरी है। जब तक इनकी संख्या नहीं बढ़ेगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधा को लेकर निश्चिंत हो जाना सही नहीं होगा। मुख्यमंत्री सोरेन ने बुधवार को आईपीएच प्रेक्षागृह नामकुम में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित 206 एंबुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बेहतर समन्वय बनाकर राज्य सरकार को जिम्मेवारी देनी चाहिए। क्योंकि, झारखंड की भौगोलिक संरचना को देखते हुए यहां कि जरूरतों का बेहतर आकलन कर राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को वास्तविक



दिशा दे सकेगी। राज्य सरकार तय करेगी कि कहां मेडिकल कॉलेज होना चाहिए और कहां नहीं, कैसे उसका संचालन होना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची में जैसा सुविधा को लेकर दबाव बढ़ रहा है।

**स्वास्थ्य सुविधा एक नजरिए से उपलब्ध कराना लक्ष्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग के इस कार्यक्रम में कई सारी चीजें आपने देखी। बड़ी संख्या में एंबुलेंस का संचालन, नए ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा को सरल और बेहतर बनाने तथा विभिन्न संस्थाओं के साथ जुड़कर जन-जन तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का नया आयाम और नए दन्त चिकित्सकों की नियुक्ति साथ ही कई उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और अस्पतालों को सम्मानित इस मंच से किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर सरकार कई वर्षों से दिन-रात इस प्रयास में लगी है कि जन-जन तक कैसे बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां चुनौती बहुत ज्यादा है। वर्तमान समय में जिस तरह से लोगों के स्वास्थ्य को लेकर दुनिया भर में चुनौतियां हैं ऐसी स्थिति में झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के लिए स्वास्थ्य सुविधा कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं? कोरोना को किसी ने नहीं देखा था, पलक झपकते ही पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा। सोरेन ने कहा, उनका मानना है कि स्वास्थ्य सुविधा अमीर-गरीब हर वर्ग के लिए समान और एक नजरिए से उपलब्ध होनी चाहिए।

**जरूरतमंद को समय पर दवा उपलब्ध कराएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में अधिकतर लोग गांव में बसते हैं। यहां किसान, श्रमिक है। हमें यह भी तय करना चाहिए कि गांव के लोगों को एंबुलेंस की सुविधा कैसे दें, उनके स्वास्थ्य की जांच कैसे हो। इसके लिए एक समय तय करना होगा कि किस दिन एंबुलेंस वाहन गांव के किस जगह पर कैंप कर रही है ताकि ग्रामीण अपने कार्य को पूर्ण करके वहां उपस्थित होकर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले सकें।

## गोल्ड मेडल जीतने वाली असुंता ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता भारत-नेपाल में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली दिव्यांग असुंता टोप्पो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 27 से 31 जुलाई तक मलेशिया में होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयन के बाद भी जाने में असमर्थ है। उसने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव से मदद की गुहार लगाई है। असुंता टोप्पो ने कहा कि उसका चयन मलेशिया में हो रहे पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए हुआ है लेकिन रजिस्ट्रेशन कराने में 66 हजार रुपये का खर्च आ रहा है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण वह रजिस्ट्रेशन कराने में असमर्थ है। असुंता बताती है कि रजिस्ट्रेशन चार्ज देखने के बाद उसने अपनी खेल के प्रति जुनून को अपने अंदर ही दबा दिया। उसने बताया कि सरकार की ओर से खेलने के लिए फंड नहीं मिलता है। जितने भी खिलाड़ी खेलने जाते हैं, उन्हें अपना पैसा खर्च करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि असुंता टोप्पो एक पैर से विकलांग है। माता-पिता की मौत के बाद उसे काफी आर्थिक तंगी भी झेलनी पड़ रही है। विकलांग पेंशन में मिलने वाले 1000 रुपये एवं बड़ी बहनों के आर्थिक सहयोग के सहारे ही असुंता ने पीजी तक की पढ़ाई पूरी की। असुंता को खेल के प्रति जुनून बचपन से ही था। हर बाधा को पार करते हुए उसने काबिलियत और मेहनत के बलबूते पैरा थ्रो बॉल इंडिया टीम में जगह बनाई। इसके बाद 19 से 21 फरवरी को हुए भारत-नेपाल प्रतियोगिता में उसका चयन हुआ।

### आईएएस पूजा सिंघल के कारोबारी पति को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**रांची।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में निलंबित और जेल में बंद आईएएस अफसर पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। अभिषेक झा कारोबारी हैं और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ भी चार्जशीट दायर कर रखी है। ईडी ने उनके सीए रहे सुमन कुमार के आवास से लगभग 18 करोड़ नगद बरामद किए थे। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए अभिषेक झा ने पहले हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन, यहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका की सुनवाई के दौरान कहा था कि उन पर लगे आरोप गंभीर हैं। अभिषेक झा ने अपनी बीमार बेटी की देखभाल का हवाला देते हुए राहत की गुहार लगाई थी।

झारखंड की जेल से अपराधियों का चल रहा खेल

## कुख्यात सुजीत सिन्हा व अमन साव गिरोह हुए एक

**दो कुख्यात गैंगस्टरों के शूटर ने करा दिया मेल**

**मेदिनीनगर।** कभी दोस्ती, कभी दुश्मनी और फिर मेल, झारखण्ड के अलग अलग जेलों में बंद दो कुख्यात अपराधी गिरोहो के बीच यह खेल चल रहा है। पुलीसिया महकमे से जो खबरें छनकर बाहर आई है, उसमे कहा जा रहा है कि राज्य के दो कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा और अमन साव के गिरोह एक हो गये हैं। इन दोनों गैंगस्टरो को एक साथ करने में पलामू के एक कुख्यात शूटर हरि तिवारी कि खास भूमिका रही है। हरि तिवारी सुजीत और अमन दोनों के लिए काम करता रहा है। फिलहाल



कुख्यात सुजीत सिन्हा खुंटी तो अमन साव चाईबासा जेल में कैद हैं, वहीं शूटर हरि तिवारी हजारीबाग जेल में बंद है। बताया जाता है पुलिस को जांच में कई ऐसे तथ्य मिले हैं जिसकी बिना पर उक्त दोनों अपराधी गिरोहों के एक होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि हाल के दिनों में पलामू में एनएच 98 के निर्माण के काम कर रहे शिवाल्या कंस्ट्राक्शन कम्पनी के साईट पर अपराधियों ने गोली चलाई थी। इसमें एक लेबर ठेकेदार के पैर में गोली लगी थी। इस घटना की तफसीस कर रही पुलिस के हत्थे रांची का एक अपराधी जीशान शेख ऊर्फ रिक्की खान चढ़ा था.। इसने पुलिस के सामने उक्त गैंगस्टरो के कई राज उगले है। इसके मोबाईल से भी पुलिस को कई जानकारी मिली है। पुलिस को जांच में यह भी पता चला है कि शिवाल्या के साईट पर गोलीबारी में हरि तिवारी कि भूमिका रही है। पलामू का कुख्यात शूटर हरि तिवारी पहले सुजीत सिन्हा के लिए काम करता था, बाद में अमन साव के लिए काम करने लगा। शिवाल्या के साईट पर रंगदारी के लिए सुजीत सिन्हा गिरोह ने हमला किया था।

## तबरेज हत्याकांड में 10 दोषियों को 10-10 साल की सजा

**सरायकेला।** जिले के चर्चित तबरेज अंसारी हत्याकांड में चार साल बाद बुधवार को फैसला सुनाते हुए एडीजे वन अमित शेखर की अदालत ने सभी दस आरोपियों को धारा 304 के पार्ट-1, 325, 341, 323, 295 ए एवं 147 के तहत दोषी पाते हुए दस-दस साल की सजा और 15 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। पीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट ने धारा 325 (तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना), 341 (एक साल सजा और तीन सौ जुमार्ना, 323 (नौ महीने सजा और 8 सौ रुपये जुमार्ना), 295 ए (एक साल सजा और एक हजार जुमार्ना) और 147 (एक साल सजा और एक हजार रुपये का जुमार्ना) लगाया है। सभी सजाएं साथ- साथ चलेंगी। सजा सुनाते हुए एडीजे-एक अमित शेखर ने बताया कि सारे साक्ष्यों एवं तकनीकी साक्ष्यों पर गहनता से अध्ययन करते हुए पाया गया कि मृतक के साथ मारपीट गई है लेकिन मारपीट से मौत होने का प्रमाण नहीं मिला है। इससे पूर्व विगत 27 जून को सुनवाई करते हुए दो आरोपियों सत्यनारायण नायक और सुमंत प्रधान को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया था। इसके बाद सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। इधर, तबरेज की पत्नी शाइस्ता परवीन ने कहा कि इस फैसले से वह नाखुश है और ऊपरी अदालत में इसे चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। बचाव पक्ष के वकील एससी हाजरा ने बताया कि पूरे मामले को गलत ढंग से पेश किया गया है। तबरेज की हत्या मॉब लिंचिंग नहीं थी, इसे दुष्प्रचारित किया गया था। राजनीति और पुलिस ने मिलकर केस को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें कानून पर भरोसा है और न्याय जरूर मिलेगा। हाजरा ने कहा कि जब तबरेज को जेल भेजा गया था उस वक्त इंज्युरी में तबरेज के शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं पाए गए थे।

संभावना — कैबिनेट की बैठक में इस बिल को मंजूरी दी गई

# केंद्र सरकार मानसून सत्र में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल कर सकती है पेश

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार इस मानसून सत्र में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल पेश कर सकती है। बताया जा रहा है कि केंद्र द्वारा एक अहम कैबिनेट बैठक में इस बिल को मंजूरी दे दी गई है, अब इसे कानून बनाने के लिए संसद में पेश किया जाएगा। लोगों का पर्सनल डेटा किस तरह से सुरक्षित किया जाए, ये बिल उस लिहाज से काफी अहम बताया जा रहा है।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल ग्राहक और कंपनियों दोनों के लिए बनाया गया है। इस बिल का एक पहलू अगर डिजिटल नागरिकों पर केंद्रित है ,तो दूसरा उन बिजनेस कंपनियों को कवर करता है जिन्हें आम लोगों के डेटा की जरूरत पड़ती है। उसी बात को ध्यान में रखते हुए इस बिल के 6 अहम सिद्धांत रखे गए हैं-

**पहला सिद्धांत :** लोगों का पर्सनल डेटा किस तरह से इकट्ठा किया जा रहा है। जोर देकर कहा गया है कि कोई भी कंपनी अगर लोगों के पर्सनल डेटा को इकट्ठा करती है, तो उसमें पूरी तरह कानून का पालन होना चाहिए। इसके ऊपर हर कीमत पर वो डेटा सुरक्षित रहे, इसकी जिम्मेदारी भी कंपनी को लेनी होगी।

**दूसरा सिद्धांत :** अगर लोगों का पर्सनल डेटा इकट्ठा किया जा रहा है, तो इसकी एक ठोस वजह होना जरूरी है। वहीं डेटा सिर्फ तब तक स्टोर कर रखा जाए जब तक उसकी जरूरत है।

**तीसरा सिद्धांत :** सिर्फ वहीं डेटा लोगों का इकट्ठा किया जाए, जिसकी जरूरत है। हर डेटा लेना, उसे अपने पास स्टोर कर रखना गलत है।

**चौथा सिद्धांत :** अगर किसी स्थिति लोगों का डेटा चोरी होता है, या फिर उसका गलत इस्तेमाल होता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। वहीं उस स्थिति में डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड को समय रहते उस ब्रीच की जानकारी देना भी जरूरी है। इस बिल का एक अहम पहलू ये भी है कि अगर किसी तरह का डेटा ब्रीच होता भी है तो उस कंपनी या फिर आरोपी शख्स पर 500 करोड़ तक का जुमार्ना लग सकता है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि अगर किसी का पर्सनल डेटा लिया भी जा रहा है तो उस स्थिति में उसकी रजामंदी लेना जरूरी है।

### पहले भी पेश किया गया था बिल

जानकारी के लिए बता दें कि पिछले साल नवंबर में ही सरकार ने इस बिल का एक ड्राफ्ट पेश किया था। वो ड्राफ्ट भी एक पिछले बिल को बदलकर लाया गया था। असल में इससे पहले भी सरकार ने डेटा सुरक्षा को लेकर बिल लाने की कोशिश की थी। लेकिन उसमें विपक्ष ने क्योंकि 88 संशोधन बता दिया, ऐसे में एक नया बिल लाने की तैयारी की गई। अब ये बिल इस मॉनसून सत्र में पेश किया जा सकता है।

## सर्वोच्च न्यायालय में आर्टिकल 370 पर अगस्त से होगी लगातार सुनवाई

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय आर्टिकल 370 पर 11 जुलाई से सुनवाई नहीं करके , अगस्त माह में लगातार सुनवाई करेगी। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस बीआर गवई ने एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से बताई। मालूम हो कि आर्टिकल 370 के मार्फत जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिया गया ,लेकिन केंद्र सरकार ने 2019 में इसे खत्म कर दिया। तीस्ता सीतलवाड़ की बेल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में मौजूद कपिल सिब्बल ने जस्टिस गवई से कहा कि इस मामले की सुनवाई अगस्त माह में की जा सकती है। जस्टिस गवई बोले कि नहीं अगस्त में तो आर्टिकल 370 का केस लगेगा। सिब्बल ने कहा कि उस केस की सुनवाई तो 11 जुलाई से होनी है। जस्टिस गवई का कहना था कि हमने एक तारीख तय कर दी है, क्योंकि किसी भी केस की सुनवाई से पहले तमाम दस्तावेज जुटाने होते हैं। एक नोडल वकील नियुक्त किया जाता है जिसका काम होता कि दोनों पक्षों से संपर्क साधकर केस से जुड़ी सारी तैयारी पूरी करा ले।जस्टिस गवई का कहना था कि 11 जुलाई की तारीख केवल दिशा निदेर्शों के लिए दी गई थी, जिससे केस से जुड़ी सारी तैयारी पूरी हो जाए। वैसे हम इस केस को अगस्त माह में सुनवाई के लिए लेंगे। आर्टिकल 370 को चुनौती देने वाली याचिकाएं कई सारी हैं, इस वजह से ऐसा किया गया।मालूम हो कि लगभग चार साल बाद सर्वोच्च न्यायालय आर्टिकल 370 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई करने पर सहमत हुआ है। आखिरी बार इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने 2 मार्च 2020 को विचार किया था। तब एक संवैधानिक बेंच ने फैसला दिया था कि इस मसले को 7 जजों की बेंच के पास भेजने की जरूरत उनको नहीं लगती। फिलहाल जो बेंच सुनवाई करने जा रही है उसकी अगुवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ करेंगे। बेंच के अन्य जज हैं - जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस सूर्यकांत।

## NEWS इन ब्रीफ

### जमीन विवाद मारपीट में दो घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दरुआ गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में धर्मेंद्र सिंह ( 45) और अभिमन्यु सिंह (35) का नाम शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। इस संबंध में दोनों ओर से हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की गई हैं।पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

### कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**सतबरवा।** बुधवार को कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष के आवास पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि सतबरवा एक ऐसा प्रखंड है, जहां 2 लोकसभा तथा 3 विधानसभा का मिलान होता है। निश्चित रूप से कार्यकताओं के बल पर ही लोकसभा एवं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहरायेगी। मौके पर प्रखंड प्रभारी उमेश यादव, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव,जुबेर खान, विनय सिंह ,राजेश चौरसिया , हारुन अंसारी, जोगेंदर उरांव ,मनोज उरांव ,रिजवान अंसारी,उपेंद्र गुप्ता , पंकज साहू, सत्येंद्र चंद्रवंशी, आशीष रजक,भजन सिंह ,मोहम्मद असलम ,प्रमोद सिंह, मोहम्मद आसिफ समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिद्धेश्वर फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 जुलाई को

**हुसैनाबाद ।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन जपला द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय टाऊन हाल में (रविवार) 9 जुलाई को होगा। इसे लेकर जगमोहन कुटीर में बुधवार को फाउंडेशन की एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने किया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर व सचिव आलोक कुमार ने बताया कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मैट्रिक व इंटर के एक सौ टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा।

# डाकघरों में 15 जुलाई तक पासबुक होगी उपलब्ध : डाक अधीक्षक




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार ने बताया कि पलामू प्रमंडल के सभी डाकघरों में आगामी 15 जुलाई 23 तक पासबुक उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने बताया कि पासबुक छापने का आदेश पीएसडी रांची को दिया जा चुका है,वहां से 15 जुलाई तक प्रधान डाकघर में उपलब्ध हो जायेगा, उसके उपरांत सभी डाकघरों को भेज दिया जायेगा। मालूम हो कि प्रमंडल के सभी डाकघरों में विगत 3 माह से पासबुक नहीं रहने से डाक उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही थी तथा व्यवसाय पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा था।

## एनआईटी में हुसैनाबाद के विवेक को मिला 289वां रैंक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के विवेक कुमार ने एनआईटी में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। घोषित 2023 परीक्षा परिणाम में विवेक को ऑल इंडिया में 289वां रैंक प्राप्त हुआ है। विवेक कुमार मूल रूप से पोलडीह पंचायत के पोलडीह जगदीशपुर गांव निवासी कौशल्या देवी व संकुल साधनसेवी रामनाथ पाल के पुत्र हैं। अपनी पुत्र की सफलता पर रामनाथ पाल बताते हैं कि वह शुरू से ही लक्ष्य के प्रति ईमानदारी पूर्वक मेहनत करते रहें हैं। फलस्वरूप मैट्रिक में टेन सीजीपीए, इंटर में 75 व स्नातक में 70 प्रतिशत अंक लाने में सफल रहे, जिसके कारण सीमित संसाधन में भी मैंने एक माहौल दिया। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देते हुये अनुभव शेयर करते हुए विवेक ने बताया कि नियमित व कड़ी मेहनत से निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। उसकी इस सफलता पर पोलडीह पंचायत के मुखिया संजू देवी, पूर्व मुखिया अभय सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बिजली के करंट से एक महिला की मौत

**पाटन।** ग्राम खाम्ही के गायत्री देवी उम्र 24वर्ष को बिजली करंट की चपेट में आने से हुई मौत। बीते दिन मंगलवार शाम को गायत्री देवी अपने घर में होल्डर में बल्ब लगाने गई थी। उसी समय बिजली की चपेट में आ गई और तुरंत मौके पर मौत हो गई।जानकारी मिलने पर किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज के आदेश पर ए एसआई संतोष कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक महिला को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदनीनगर भेज दिया। मृतक महिला गायत्री देवी के पति शशि प्रजापति किराना दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### बेहतर कार्य के लिए की सराहना

# पलामू आयुक्त ने किया अमृत सरोवर योजना का निरीक्षण

**विश्रामपुर प्रखंड में भी नौ तालाब निर्माण किया जाना है**

**इसके लिए 15 अगस्त, 2023 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू आयुक्त मनोज जयसवाल ने बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड के गुरी के उली पहाड़ी में बने अमृत सरोवर योजना का निरीक्षण किया। साथ ही योजना संबंधित विस्तृत जानकारी बीडीओ प्रशांत हेंब्रम से ली। अमृत सरोवर तालाब की स्थिति को देखकर वो काफी प्रसन्न हुए। साथ हीं बेहतर कार्य के लिए बीडीओ श्री हेंब्रम की सराहना की। इसके पूर्व पलामू आयुक्त मनोज जयसवाल का बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने बुके देकर स्वागत किया। आयुक्त का विश्रामपुर प्रखंड का दौरा योगदान के बाद पहली बार हुआ है। जहां प्रखंड के उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरविंद सिंह, प्रखंड लेखा पदाधिकारी अंकित श्रीवास्तव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू ने भी आयुक्त का गर्मजोशी से स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण की दिशा में केंद्र सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरूआत है, जो क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत विश्रामपुर प्रखंड में भी नौ तालाब निर्माण किया जाना है। इसके लिए 15 अगस्त, 2023 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वीकृत 9 तालाबों में बघमनवा, गुरी, कौड़ियां, पहरगेरुआ, पंजरी कला में एक-एक, कधवन व अमवां में दो -दो तालाब का निर्माण कराए जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन केवल गुरी के उली पहाड़ी में कार्य किया गया है। बाकी अन्य जगहों पर किसी भी तरह की कार्य की शुरूआत नहीं की गई। योजना की प्रकल्लित राशि 16 लाख 64 हजार 600 रुपए थी।य ह कार्य पानी पंचायत समिति की माध्यम अमृत सरोवर योजना के तहत जिला भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा कराया गया था।विभाग के द्वारा प्राकृत राशि की 90% राशि उपलब्ध कराई गई व शेष 10% कृषक अंशदान था। कार्य की शुरूआत 28 मार्च 2022 को की गई थी। जो 3 महीने में 30 जून 2022 तक पूरी करा ली गई।तालाब की लंबाई चौड़ाई 80/43 मीटर की है। यह उपलब्धि पिछले साल मिशन अमृत सरोवर शुरू होने के तीन महीने की छोटी अवधि में हासिल हुई है।अकाल व सुखाड़ की मार झेल रहे क्षेत्र में यह अमृत सरोवर योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गर्मी के मौसम में भी तालाब में पानी था।जहां सुबह शाम लोगों की नहाने व कपड़े धोने की भीड़ देखी जाती थी।

## तारणवीर देव के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुबाना में बुधवार को राजवंशी राजभर समुदाय के इष्ट देव माने जाने वाले श्री तारणवीर देव की प्राण प्रतिष्ठा सह मूर्ति स्थापना को लेकर गाजे-बजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह तथा मुखिया राजेश राजवंशी शामिल हुए। इस अवसर पर कर्नल सिंह ने कहा कि मधुबाना में रजवार उर्फ राजवंशी समुदाय के लोगों द्वारा हर वर्ष श्री तारण वीर देव की तस्वीर पर पूजा अर्चना की जाती थी। मेरे द्वारा पिछले माह भगवान श्री तारण वीर का मूर्ति बनवायी गयी। कलश यात्रा मधुबाना से शुरू होकर पुनपुन उद्गम स्थल कुंड पर पहुंची। जहां विद्वान पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरी करायी गयी।

## ग्राम सभा में खनन पट्टा का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोरहट मे लघु खनीज पत्थर के खनन पट्टा की स्वीकृति के लिए ग्राम सभा हुई। इसकी अध्यक्षता चोरहट पंचायत के मुखिया मोतीलाल मुंडा ने की। इस क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। ग्राम सभा का आयोजन जिला खनन पदाधिकारी के पत्र ज्ञापाक 1347 दिनांक 14-6-2023के आलोक में रामगढ़ बीडीओ के आदेश पर किया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव ने बताया कि चोरहट के खाता 4,18 एवं 40 के प्लॉट 116, 118,120, 122 एवं 123 में करीब तीन एकड़ रकबा मे पत्थर लघु खनिज के खनन पट्टा का कतिपय लोगों ने आवेदन किया है। इसपर ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीणों ने उपरोक्त खाता प्लॉट में किसी भी तरह के खनन पट्टा दिये जाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि पत्थर का खनन पट्टा दिये जाने से गांव के लोगों का जीवन यापन प्रभावित होगा। ब्लास्टिंग एवं बड़े वाहनों का परिचालन बढ़ने से गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में न सिर्फ परेशानी होगी बल्कि उनकी जान का खतरा हमेशा बना रहेगा। गांव के मवेशियों का चारागाह में जाना मुश्किल हो जायेगा। इतना ही नहीं खनन और परिवहन से उड़ने वाले धुलकणों से वातावरण प्रभावित होगा तो गांव के गरीब आदिवासी परिवार के लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार होंगे। खनन से भू -जलस्तर घटेगा तो पानी की समस्या बढ़ेगी। ग्रामीणों ने कहा कि खनन पट्टा दिये जाने से गांव का जनजीवन अस्त व्यस्त हो जायेगा। गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने को एकमात्र सड़क है, जो पत्थर परिवहन के वाहनों से व्यस्त रहेगी तो आवागमन प्रभावित होगा। ग्राम सभा में मगदली कंडुलना, सीरीला डोंग, कपरीला टोप्पो, नयन तारा सम्मद, मार्शलानी बोदरा, शांति बारला, जोस्फीना डोदराय, बहमनी भेंगरा, हेलीना सुरिंन, एवं सुमंत समेत गांव के सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### विवेचना — लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

# बीस सूत्री की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

**लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया**

**बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को ससमय राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की, जबकि संचालन बीडीओ सह सचिव रतन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में संचालित कई विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, मनरेगा, 15 वें वित्त आयोग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जेएसएलपीएस एवं कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। जहां लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने बरसात को देखते ग्रामीण क्षेत्र में मौसमी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सजगता के साथ कार्य करने की बात कहीं। प्रखंड क्षेत्र में राशन डीलर द्वारा अंगूठा लगवाकर समय पर राशन नहीं मिलने का मुद्दा छाया रहा, बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को ससमय राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदस्यों द्वारा जेएनवी विद्यालय निर्माण कार्य में अनियमितता का मुद्दा उठाने पर गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश दिया गया । इसके अलावे बैठक में कई प्रस्तावों की समीक्षा हुई। इसके बाद समाधान की दिशा में बीडीओ सह सचिव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से सीओ नंद कुमार राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन,विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, बिनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, रतन लाल, बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार,बीटीएम बरुन सिंह, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, पीएचडी के ददिबल प्रसाद समेत कई कर्मी व बीस सूत्री कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के केतात कला गांव में बुधवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।जिससे एक मजदूर की मौत हो गयी।जबकि एक मजदूर घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार केतात कला के लवकुश कुमार व अमित कुमार ट्रैक्टर पर मजदूरी का कार्य करते थे।आज भी दोनो ट्रैक्टर पर ही मजदूरी का कार्य करने जा रहे थे।तभी गांव के ही पीसीसी पथ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयी और लगभग दस फीट नीचे खेत में चली गई।जिससे ट्रैक्टर चला रहे लवकुश कुमार और उसका सगा भाई अमित कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया।स्थानीय लोगो ने तत्काल दोनों युवकों को ट्रैक्टर से बाहर निकाला और विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत लवकुश कुमार (16) को मृत घोषित कर दिया।जबकि उसका भाई अमित कुमार घायल है।घायल अमित का इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चल रहा है।मृतक लवकुश केतात निवासी बाबूलाल राम का पुत्र था। इधर पुलिस शव को कब्जे में कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।


**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**

**Very Short e-Quotation No. 05/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category for supplying installation & commissioning of two VTpump sets having discharge 44000gph and Head 120meters and its accessories at urban water supply (Nagfeni Raw water) scheme Gumla under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla. work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 08.07.2023 at 3.30 hrs. to 15.05.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 16.07.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR.NO.301443 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4613 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक 13.07.2023 को 03:00 अपराह्न को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4613 | टाटा सूमो गोल्ड | 1,30,000/- | 13,000/- |

**नियम एवम् शर्त्त :–**

1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वंय वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.301424 Lohardaga(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री धनन्जय कुमार सिंह, ग्राम–बुधनडीह, सुदना, डालटनगंज, पलामू को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पैकेज संख्या JH7TKE-004B अन्तर्गत T11-T01 (हारनदूबे) से अकलवानी भाया बिकताम कुम्भी पथ के चैनेज 845 मी0 में पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे दिनांक 11.09.2021 तक पुर्ण करना था। परन्तु लम्बे समय से आपके द्वारा कार्य बन्द रखा गया है, जिसे पुर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा अनेको बार पत्र के माध्यम से तथा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा कार्य को पुर्ण नहीं कराना खेद जनक है। अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार स्मारित करते हुए कहना है कि तीन दिनो के अन्दर अवशेष कार्य को कराना प्रारम्भ करे अन्यथा बाध्य होकर आपके एकरारनामा मे निहित प्रावधान के अनुरूप आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी, जिसका पुर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल
गढ़वा

PR 301425 Rural Work Department (23-24)_D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**–:आम सूचना:–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना अन्तर्गत अंचल–गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उंटारी के कुल 37 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्रवाई की जा रही है।

उक्त योजना अन्तर्गत रैयतों के द्वारा भूमि एवं संरचना की राशि भी प्राप्त कर ली गयी है, परन्तु प्रायः यह देखा जा रहा है कि रैयतों के द्वारा राशि प्राप्ति के पश्चात भी अर्जनाधीन भूमि पर कृषि एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि उपरोक्त योजना का गजट का प्रकाशन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं गजट प्रकाशन के पश्चात् अर्जनाधीन भूमि पर किसी भी प्रकार का कृषि एवं निर्माण कार्य अवैध है साथ ही वैसे रैयत जिनके द्वारा भूमि एवं संरचना की मुआवजा राशि प्राप्त कर ली गई है, वह अर्जित भूमि को खाली करना एवं संरचना यथार्शीध्र हटाना सुनिश्चित करे, अन्यथा नियमानुसार उचित कार्रवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझे।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 301417 Land Reforms(23-24)D



**कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, लोहरदगा**
**जिला कृषि कार्यालय, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा, पिन- 835302**
E-mail-atma.lohardaga@rediffmail.com

**Diploma in Agricultureal extension service for Input dealer (DAESI) पाठ्यक्रम हेतु Facilitator की संविदा आधारित नियुक्ति की सूचना**

**WALK – IN – INTERVIEW**

जिला कृषि पदाधिकारी–सह– परियोजना निदेशक, आत्मा लोहरदगा के अधीन मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित DAESI पाठयक्रम के तहत् आत्मा कार्यालय, लोहरदगा द्वारा संचालित देसी पाठयक्रम के सफल संचालन हेतु अनुबंध के आधार पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर निम्नलिखित शर्त्तो के आधार पर **Facilitator** की नियुक्ति की जानी है।

अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु निम्न शर्ते निर्धारित की गई है।

1. शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव :–
   - कृषि / उद्यान विज्ञान में स्नातक / स्नातकोत्तर
2. मानदेय :– 17000 /– प्रतिमाह
3. आयु सीमा :– अधिकतम 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए
4. कार्यानुभव :–
   - न्यूनतम 5 वर्षो का कृषि कार्यो का अनुभव
   - कृषि स्नातक जिन्होंने 20 वर्षो तक कृषि विभाग / आत्मा / SAUs / KVKs आदि में कार्य किया हो उन्हें प्राथमिता दी जाएगी।

सेवा शर्तें :–

1. नियुक्ति पूर्णतया मानदेय के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का विभाग का कोई दायित्व नही होगा।
2. प्रारंभिक चरण मे ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी, तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। अन्यथा ऐसी नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जाएगी।
3. यदि नियुक्त व्यक्ति स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं होने पर एक माह की लिखित सूचना देकर कार्यरत कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा समाप्त कर दी जाएगी।
4. कृषि विभाग / आत्मा / के0वी0के से सेवानिवृत कर्मी को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी । परन्तु कार्य असंतोषप्रद पाए जाने पर ऐसे कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जाएगी।
5. नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन–पत्र जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा, सदर प्रखण्ड–लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा पिन कोड – 835302 के पते पर दिनांक– 06.07.2023 से दिनांक–15.07.2023 तक कार्यालय अवधि में लिये जायेगें। दिनांक–15.07.2023 के पश्चात कोई भी आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति हेतु दिनांक–20.07.2023 को जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा (जिला परिषद् कार्यालय के समीप) के कार्यालय–कक्ष में साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्र के साथ 11:00 बजे पूर्वाहन में उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार हेतु आवेदक को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**कार्यालय पता :– जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा**
**सदर प्रखण्ड, जिला परिषद् कार्यालय के समीप, लोहरदगा**

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा

PR 301463 Lohardaga (23-24)_D

# ग्राहक सेवा केंद्र शहरी क्षेत्र में संचालित होने से लोग परेशान




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर प्रखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के कोड संख्या 2927 के तहत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए पंजीकृत करीब 30 ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) का वर्षों से शहरी क्षेत्र में संचालन होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह बैंकिंग सेवा शुरू करायी गयी थी। सुदूरवर्ती गांवों के लोगों को शहर में आने से होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए पंचायत और गांव स्तर पर उक्त ग्राहक सेवा केन्द्र(सीएसपी) खोले गए थे। लेकिन एसबीआई प्रबंधक की मिलीभगत से सभी सीएसपी केंद्रों का संचालन शहर स्थित बैंकों के आस पास ही कराया जा रहा है। जिससे सुदूरवर्ती इलाकों के लोगों को बैंकिंग कार्यों से शहर आने जाने में काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। इसे लेकर कई बार पलामू उपायुक्त, भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर (आर एम) को भी अवगत कराया गया। जबकि छत्तरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं संज्ञान में लेते हुए शाखा प्रबंधक छत्तरपुर को उक्त सभी ग्राहक सेवा केंद्रों का संचालन लोकेशन एरिया पंचायत व गाँव स्तर पर ही संचालित कराने का सुझाव दिया था। बाबजूद इसके ब्रांच मैनेजर के कान पर आज तक जू नहीं रेंगी। इसकी शिकायत सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्यों ने भी की गई। जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विदित हो कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों के कई सीएसपी का संचालन छत्तरपुर बाजार स्थित एसबीआई बैंक के सामने महज 20 मीटर की दूरी पर ही चल रहे हैं।

## झारखंड चित्रपट की प्रांतीय टोली ने आनंद शंकर को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** चित्रपट झारखंड के प्रांतीय टोली के सदस्य पुलिन मित्रा एवं नवीन कुमार सहाय ने झारखंड के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर को सिनेमा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया एवं शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों पर गति प्रदान करने हेतु मंत्रणा की।

# खबर लाई रंग, सांसद ने लिया संज्ञान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के नवाडीह पंचायत के सरहुवा गांव में कोरवा आदिम जनजाति के जर्जर आवास की खबर का संज्ञान लेते हुए पलामू सांसद बीडी राम के निर्देश पर पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा अपनी टीम के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर जर्जर मकानों का निरीक्षण कर 15 आदिम जनजाति परिवारों से बात कर उनका हालचाल जाने। तद्उपरांत ओझा ने कहा कि आदिम जनजातियों का मकान 35 साल पुराना व जर्जर स्थिति में है। भारी बारिश आंधी पानी में दुर्घटना होने की संभावना है। उन्होंने ऑन स्पॉट से ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि कल वह स्थल का जांच करा लेते हैं, रिपोर्ट लेने के बाद संबंधित जिला के अधिकारियों को अवगत करा कर आवास संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निरीक्षण टीम को आश्वत करते हुए कहा की जल्द ही इनके समस्या का समाधान कर सभी को आवास मुहैया कराया जाएगा। मौके पर निरीक्षण टीम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान, स्वेतांग गर्ग, रामगढ़ मुखिया उमा शंकर, नावाडीह मुखिया दया प्रसाद सहित कोरवा जनजाति के राजनाथ कोरवा,अजय,विजय, दिनेश, उदय, राजेश, पिंटू ,मनीता देवी ,कुलवंती देवी व अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। उपप्रमुख अजय कुमार सिंह ने कई पंचायत समिति सदस्यों के साथ अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित आवेदन पंचायत समिति सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सचिदानंद महतो को उनके कार्यालय में सौंपा। इसकी प्रस्तावत उदयपुरा वन की पंचायत समिति सदस्य शकुंतला देवी हैं। बता दें कि प्रमुख का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। पंचायती राज अधिनियम 2001 के संशोधित नियामावली 2012 के तहत उपप्रमुख प्रमुख के खिलाफ कुल पंसस के एक चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर से अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि तरहसी प्रखंड में 16 पंचायत समिति सदस्य का पद है। इसमें से अधिकतर पंसस ने प्रपत्र क के माध्यम से हस्ताक्षर करके प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया गया है और अब वोटिंग होगी, इसके बाद ही तय होगा कि प्रमुख प्रिया कुमारी बनी रहती है या अपदस्त होती हैं। इस संबंध में फॉर्मेट भरकर निवार्ची पदाधिकारी सब पीठासीन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी को भेज दिया गया है। अगले 15 दिनों के भीतर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर निवार्ची पदाधिकारी पक्ष विपक्ष पंचायत समिति सदस्यों को मतदान के लिए डेट देंगे। अविश्वास के पक्ष वाले पंसस मतपत्र पर टिक करेंगे, जबकि दूसरे पक्ष वाले गुणा का चिन्ह बनायंगे। इस मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रमुख प्रिया कुमारी वोटिंग नहीं करेंगी। केवल प्रक्रिया में भाग लेंगी। कुल 15 सदस्यीय पंसस भाग लेंगे और पक्ष विपक्ष में जिनकी संख्या ज्यादा होगी निर्णय उनके पक्ष में आयेगा। आज से अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया के दौरान प्रमुख के द्वारा किसी भी योजनाओं की स्वीकृति या राशि भुगतान आदि का कार्य नहीं किया जायेगा। बता दें कि प्रमुख के चुनाव में प्रिया कुमारी के पक्ष में 9 पंचायत समिति सदस्यों ने वोटिंग की थी ।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**मेदिनीनगर।** मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर अमानवीय घटना को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय छः मुहान चौक पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया एवं भाजपा सरकार के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शर्म करो और गद्दी छोड़ो। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है।

## श्रीकृष्ण विज्ञान प्रदर्शनी रथ के जरिए

# स्कूलों में बच्चों को विज्ञान के प्रति किया जा रहा जागरूक



### विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विज्ञान के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से रवाना हुआ श्रीकृष्ण विज्ञान प्रदर्शनी रथ बुधवार को राजकीय +2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) मेदिनीनगर पंहुचा। जिला स्कूल में बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे स्कूल के सभी बच्चे लाभान्वित हुए और विद्यार्थियों को विज्ञान की शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। ज्ञातव्य है कि बीते मंगलवार को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता ने हरी झंडी दिखाकर श्री कृष्ण विज्ञान प्रदर्शनी रथ को रवाना किया था। गौरतबल है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार राज्य के चिन्हित विद्यालयों में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर सभी उच्च विद्यालयों के बच्चों को दिखाकर विज्ञान के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाना है। इससे बच्चे उत्साहित होकर विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित होंगे और विद्यार्थियों व अभिभावकों में विज्ञान की शिक्षा के प्रति जागरूकता आएगी।

### जानें किस दिन, कहां रहेगा रथ

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी छात्र-छात्राएं इस विज्ञान प्रदर्शनी से लाभान्वित हो सकें इसके लिये कई विद्यालयों को क्लस्टर के रूप में चयनित किया गया है एवं इन क्लस्टरों में अलग-अलग विद्यालयों को टैग किया गया है, जो निम्न है। दिनांक 3 जुलाई से 7 जुलाई तक यह विज्ञान रथ जिला में लगा रहेगा जहां चैनपुर,सदर मेदनीनगर व सतबरवा के सभी उच्च विद्यालय के बच्चे लाभान्वित होंगे। इस क्रम में 7 से 9 जुलाई तक राजकीयकृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के परिसर में यह रथ रहेगा जिसमें लेस्लीगंज क्षेत्र में अवस्थित सभी उच्च विद्यालयों को टैग किया गया है। इसी तरह 10 से 12 जुलाई तक यह विज्ञान रथ राजकीयकृत उच्च विद्यालय,पांकी में रहेगा, इस दौरान तरहसी व पांकी के छात्राओं को विज्ञान के संबंध में जागरूक किया जाएगा। वहीं 13 से 15 जुलाई तक यह रथ पाटन के उच्च विद्यालय में होगा जहां नावाबाजार,पड़वा,व पाटन के उच्च विद्यालय के बच्चों को टैग किया गया है।16 जुलाई से 18 तक विश्रामपुर के उच्च विद्यालय में रथ को लगाया जायेगा इस दौरान विश्रामपुर,पाण्डु व उंटारी रोड के उच्च विद्यालय के बच्चों को प्रदर्शनी दिखाई जायेगी। 19 से 22 जुलाई तक राजकीयकृत उच्च विद्यालय छतरपुर के प्रांगण में रथ को लगाया जायेगा जहां छतरपुर व नौडीहा बाजार के उच्च विद्यालयों को टैग किया गया है। वहीं 23 से 25 जुलाई को हरिहरगंज के उच्च विद्यालय में विज्ञान रथ पहुंचेगा यहां हरिहरगंज व पिपरा के उच्च विद्यालयों के छात्राओं को विज्ञान प्रदर्शनी दिखाया जाएगा। इसी तरह 26 से 28 जुलाई तक हुसैनाबाद के राजकीय बक्सी उच्च विद्यालय में रथ लगाकर हुसैनाबाद के बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही 29 जुलाई से 31 जुलाई तक हैदरनगर के उच्च विद्यालय में पहुंचेगा जहां हैदरनगर व मोहम्मदगंज के विद्यालयों को टैग किया गया है।

# एमके डीएवी के प्राचार्य को सीबीएसई ने किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीएवी स्कूल के प्राचार्य एवं सीबीएसइ के गढ़वा व पलामू के सिटी के कोऑर्डिनेटर डॉ. जीएन खान को सीबीएसई पटना क्षेत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। 4 जुलाई 2023 को सीबीएसई पटना क्षेत्र के सम्बद्ध विद्यालयों केप्राचार्यों की मीटिंग डीपीएस रांची में आयोजित थी । इसमें रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, खूंटी, गढ़वा, पलामू, लातेहार के विद्यालयों के प्राचार्य सम्मिलित हुए। इस मीटिंग में नई शिक्षा नीति 2020 के प्रारूप, क्रियान्वयन, चुनौतियों एवं आने वाली कठिनाइयों पर गहन चर्चा हुई । तत्पश्चात सीबीएसई पटना क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षा 2022-2023 के सफल एवं बाधारहित संचालन, त्वरित मूल्यांकन एवं शीघ्र परीक्षा फल प्रकाशन हेतु सभी सिटी कोऑर्डिनेटर को सम्मानित किया। गढ़वा एवं पलामू के सिटी कोआर्डिनेटर सह डीएवी के प्राचार्य डॉ.जीएन खान को उनके आउटस्टैंडिंग लीडरशिप एवं बाधा रहित परीक्षा संचालन हेतु एक प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर अरविंद कुमार मिश्रा क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई पटना क्षेत्र ने सम्मानित किया।

# नागरिक सहायता केंद्र के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एसजीवीके पलामू जिला के मुख्य कार्यालय नागरिक सहायता केंद्र के कार्यकताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक के सचिव विनोद कुमार ने की। बैठक के दौरान विनोद कुमार ने कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता की तरह कार्य करने की जरूरत है। गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जाती है। भूख मुक्त पंचायत बनाने हेतु सिर्फ राशन और पेंशन ही नहीं है बल्कि और भी कई योजनाएं सभी गांव में संचालित की जाती है। उन योजनाओं तक जरूरतमंद ग्रामीणों की पहुंच बनानी होगी। बैठक में खाद सुरक्षा अधिनियम एवं मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की चर्चा की गई। साथ ही नागरिक सहायता केंद्र के कार्यकताओं के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए आगे की रणनीति बनाई गई। एनएसके कार्यकताओं ने बताया कि गांव में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित पीडीएस के द्वारा जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासनिक अधिकारी सभी गांव में नहीं जा सकते, इसलिए नागरिक सहायता केंद्र के माध्यम से गांव की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया जाता है। समीक्षा बैठक में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, एमआईएस एंड डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर आदिल हुसैन अंसारी के साथ एनएसके साथी पूजा कुमारी ( लेस्लीगंज ),जासो कुमारी ( पड़वा ),मुकेश कुमार ( पड़वा ),चद्रजीत चौधरी ( चैनपुर ), अरबिंद कुमार सिंह ( चैनपुर ) उपस्थित थे।

## थोक व खुदरा सब्जी- फल व्यवसायियों की समस्या सुलझायें नगर आयुक्त : रूचिर



**मेदिनीनगर।** आज सब्जी बाजार में सब्जी के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की बैठक गौस मोहम्मद के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी एवं नसीम राइन उपस्थित थे। बैठक में नगर आयुक्त और जिला प्रशासन के द्वारा अमन चैन पसंद ना करने वाले कुछ लोगों के कहने पर सुबह के समय में लगने वाले थोक व्यवसाईयों को नहीं लगाने की करवाई की निंदा की गई। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव लोगों की समस्याओं से अवगत हुआ और यह पाया कि कोरोना के समय से ही थोक एवं खुदरा व्यवसाय बाजार में सुबह 6 बजे से 8:00 तक बिना सड़क जाम किए बीचो-बीच सड़क के दोनों किनारे, जो लकीर खींची गयी है, वहां पर अपना व्यवसाय करते हैं और उसने करोड़ों रुपया नगर निगम को टैक्स देते हैं। लेकिन नगर निगम के द्वारा आनन-फानन में बिना जांच पड़ताल किए एकतरफा आदेश कर देना कि शहर में थोक मंडी नहीं लगेगा व उसे सरकारी बस डिपो भेजना, व्यवसायियों के पेट पर लात मारने के समान है। वहीं सभी व्यवसायियों ने नगर आयुक्त एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर निगम बाजार समिति में दुकान बनाकर हम व्यवसायियों को आवंटित करें। हम सभी व्यवसाई उसका भी नियम से टैक्स देने को तैयार है। ऐसा नहीं करने की स्थिति तक बाजार क्षेत्र में ही थोक एवं खुदरा व्यवसाय सड़क के किनारे करने की अनुमति प्रदान करें । हम प्रशासन के बातों को मारने के लिए वचनबद्ध है, लेकिन जब सवाल हमारे पेट पर उठता है तो इसमें जो बाजार के लोग विरोध कर रहे हैं उनको भी हमारी भावनाओं पर ध्यान रखना चाहिए। बैठक में मोहम्मद आजाद मोहम्मद असलम लड्डू राईन, समीर अंसारी कुर्बान अंसारी नसीम खान, अरमान राइन, समीर अली, विक्की खलीफा, मोहम्मद अशफाक मोहम्मद इकरार मोहम्मद कासिम राजेंद्र प्रसाद रहीम राइम, बिहारी अनवर अंसारी आरिफ अली सहित पचासो लोग उपस्थित थे।

# राजद पार्टी का 27वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल पलामू की ओर से पार्टी का 27 वां स्थापना दिवस समारोह धूम- धाम से पलामू क्लब डालटनगंज में मनाया गया। इस अवसर पर पलामू क्लब डालटनगंज के प्रांगण में जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा के द्वारा स्थापना दिवस समारोह के पावन अवसर पर झंडोतोलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर गगन भेदी नारे लगाये गये तथा स्थापना दिवस समारोह की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा के द्वारा अध्यक्षता एवं युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश राम उर्फ राहील राज के द्वारा संचालन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से एससी प्रकोष्ट प्रदेश के अध्यक्ष धनन्जय पासवान,पिछड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चन्द्रवंशी ,प्रदेश महासचिव नरेश सिह , प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह , प्रदेश महासचिव जेयायुद्दीन अंसारी ,प्रदेश सचिव श्रईश्वरी मेहता, जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार यादव, जिला स्तरीय नेता संजय कुमार यादव , वरीय जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुशिल यादव ,युवा जिला अध्यक्ष केदार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की महिला मित्र हुईं सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार की दोपहर शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत परियोजना, महिला स्वास्थ्य सुरक्षा परियोजना व सूर्योदय फाउंडेशन के अधीन कार्य करने वाली महिला मित्रों को एक माह का मानदेय देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ,उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष हफीजुल अंसारी जिला प्रभारी मोहम्मद हशमत के हाथों सभी पंचायतों के महिला मित्रों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के आगमन पर फाउंडेशन के लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया, इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के संबोधन में मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने बताया कि शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत परियोजना महिला स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के महिला मित्र ग्रामीण स्तर पर सभी महिलाओं को इस परियोजना से जोड़कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे सभी पंचायतों की महिला मित्रों को पंचायत के मुखिया के द्वारा सूर्योदय फाउंडेशन के द्वारा पांकी ब्लॉक के 25 पंचायत के 36 महिला मित्र का एक माह का मानदेय देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम में ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा ब्रिजदेव सिंह रीना देवी, पांकी पूर्वी उप मुखिया अनारिक राम सूर्योदय फाउंडेशन के सभी ब्लॉक सुपरवाइजर ,साजरा खातून , रुकसरी परवीन, रुकसार परवीन, अफताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्रवाई**

## राजू तिर्की गिरोह के लिए

# रंगदारी वसूलने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

### गिरफ्तार अपराधियों के बयान के आधार पर राजू तिर्की समेत नौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने कुख्यात अपराधी राजू तिर्की गिरोह के लिए रंगदारी वसूलने वाले दो अपराधी नागेंद्र उर्फ नारो सिंह और आशु हुसैन को मंगलवार को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने रंगदारी के पैसे और रसीद भी बरामद की है। गिरफ्तार अपराधियों के बयान के आधार पर राजू तिर्की समेत नौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, कुछ दिनों पहले पलामू पुलिस को एक अज्ञात नाम से पत्र मिला था। जिसमें बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड से रंगदारी वसूलने की जानकारी दी गई थी।जानकारी मिलते ही मामले में मंगलवार को मेदिनीनगर शहर थाना के टीओपी वन के प्रभारी रेवाशंकर राणा और टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार और शारिक इरशाद के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर ऑटो स्टैंड से नागेंद्र उर्फ नारो सिंह और आशु हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों अपराधियों से पूछताछ में कई बातों की जानकारी मिली है। दोनों ने बताया है कि रंगदारी का पैसा राजू तिर्की के पास जाता है। चिंटू राम के नाम पर पार्किंग का टेंडर है। इसी टेंडर की आड़ में रंगदारी की रकम वसूली जाती है। एक- एक ऑटो वाले से प्रतिदिन 40 से 50 रुपए की रंगदारी वसूली जाती है। मेदिनीनगर में आधा दर्जन से अधिक ऑटो स्टैंड हैं, जहां से रंगदारी की रकम वसूली जा रही थी। पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी है।

## महिला आत्महत्या मामले का खुलासा, सास, भैंसुर, दामाद गिरफ्तार

# ससुराल वालों ने बहू का गला घोंट कर लटकाया था फंदे पर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार के नेतृत्व में चंदवा पुलिस को लगातार सफलता प्राप्त हो रही है। एक हफ्ते के अंदर पुलिस ने तीन कांडों का सफलतापूर्वक खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। ढोंटी निवासी गणेश गंझु हत्याकांड व केंदुवाही जंगल से बरामद महिला के शव मामले का पटाक्षेप करने के बाद बीती 2 जुलाई को थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली पंचायत के हेसालोंग गांव में विवाहिता आत्महत्या मामले का भी पटाक्षेप पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कर दिया है।

बुधवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने बताया कि 2 जुलाई को हेसालोंग गांव में एक विवाहिता कलावती देवी पति धीरज मुंडा के आत्महत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया था। मृतका के मायके वालों ने अपनी बेटी की हत्या कर फांसी पर लटकाए जाने का अंदेशा जताया था। इसके बाद मृतका के बड़े भाई सेन्हा (लोहरदगा) निवासी शत्रुधन




मुंडा के फर्द बयान पर चंदवा थाना में बहन के ससुराल वालों के खिलाफ कांड सं 140/23 दर्ज किया गया। कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित दल के द्वारा आरोपी मृतका की सास सुकरी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई कि मृतका का पति धीरज मुंडा ओझा गुनी के आरोप में जेल में बंद है। पति के जेल जाने के बाद महिला अपने पांच वर्षीय पुत्र के साथ अलग रहती थी। ससुराल वालों को शक था कि बेटे के जेल जाने के बाद उनकी बहू का किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इन्हीं बातों को लेकर मृतका और उसके ससुराल वालों के बीच कहासुनी होती रहती थी।

**कैसे दिया गया घटना को अंजाम :** 1 जुलाई की रात ससुराल वालों ने महिला को जान से मारने की योजना बनाई। जब रात में महिला अपने बेटे के साथ अपने कमरे में सोने चली गई तब उसके भैंसुर बृजकिशोर मुंडा खिड़की के रास्ते कमरे में घुस गया और दरवाजे को अंदर से खोलकर अपनी मां सुकरी देवी और दामाद बीरु मुंडा को अंदर बुला लिया। इसके बाद मृतका की सास ने रस्सी से कमरे में सो रही बहू के पैर बांध दिये। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या दी। हत्या करने के बाद हत्यारों ने उसके शव को फंदे पर लटका दिया और पुलिस को गुमराह करने के लिए हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। सुबह जब मृतका का पुत्र सोकर उठा तो देखा उसकी मां फांसी के फंदे पर झूल रही है। इसके बाद बच्चे की रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर मृतका के ससुर कमरे में पहुंचे और मृतका के शव को फंदे से उतार कर घर वालों बुलाया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई रस्सी भी बरमाद कर ली है। हत्या में शामिल आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सास सुकरी देवी पति बुधु मुंडा, बृजकिशोर मुंडा पिता बुधु मुंडा दोनो हेसालोंग थाना चंदवा, दामाद बीरु मुंडा पिता स्व अघनु मुंडा टांटी थाना कुडू लोहरदगा को धारा 302/34 के तहत जेल भेज दिया है। दल में पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार, पुअनि जमील अंसारी, पुअनि सुनील टूटी, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो, सअनि रामप्रसाद राम, महिला आरक्षी संगीता समेत सैट 202 के जवान शामिल थे।

## एनडीपीएस के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कुन्दा(चतरा)।** थाना क्षेत्र के गारो गांव से पुलिस ने बुधवार को एनडीपीएस के तीन फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त में लाखों गंझू पिता रामसहाय गंझु, खुदारी गंझु पिता भवानी गंझू व शिबू गंझू पिता जग्गू गंझू तीनो गारो गांव निवासी हैं। इन अभियुक्तों के खिलाफ कुन्दा थाना में अलग-अलग कांड में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था, मामला दर्ज होने के बाद से तीनो फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी कौसल कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## प्रशिक्षु आईएएस अफसर पहुंचे पत्थलगड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**
भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 के पांच प्रशिक्षु आईएएस अफसर बुधवार को एक दिवसीय भ्रमण पर पत्थलगड़ा प्रखंड पहुंचे। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मोनी कुमारी ने सभी का स्वागत किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षु आईएएस प्रखंड कार्यालय पहुंचने के बाद बीडीओ और एनडीसी तुषार कुमार के साथ प्रखंड क्षेत्र के कई प्राचीन मेगालिथ स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी सिंघानी पहुंचे लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण ओबरा खुदाई अस्थल नहीं जा पाए। उसके



बाद अधिकारियों का कारवा अनगडा गांव पहुंचा यहां कई स्थानों में फैले मेगालिथ व अन्य पाषाण कालीन कलाकृतियों का अवलोकन किया और स्थानीय पत्रकार जितेंद्र तिवारी से यहां के भौगोलिक स्थिति और इतिहास के बारे में जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि यह जगह काफी प्राचीन है संभवत ढाई हजार साल प्राचीन इतिहास रहा होगा। यहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा खुदाई भी कराई गई है।

## पान दुकान से मिला ब्राउन शुगर, विक्रेता गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव एवं अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक पर संचालित बाबा पान दुकान में छापामारी किया गया। इस दौरान 33 पुड़िया ब्राउन शुगर, करीब 15 पुड़िया गांजा के साथ-साथ अन्य मादक पदार्थ व 20 से 25 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने दुकान संचालक संजय पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि अभियुक्त ब्राह्मण समाज के



प्रखंड अध्यक्ष भी हैं। हालांकि प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस धंधे में कई लोगों के शामिल होने की सूचना है। इस काले धंधे में संलिप्त लोगों की जल्द पहचान कर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

## संक्षिप्त

### विस समिति ने किया खनन क्षेत्र का भ्रमण

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत नेतरहाट में एसटी, एससी, ओबीसी अल्पसंख्यक कल्याण समिति झारखंड विधान सभा ने गुरदारी बॉक्साइट खनन क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान समिति में शामिल सभापति लोबिन हेमरोम, विधायक, नमन विक्सल कोंगारी विधायक एवं कोचे मुंडा विधायक मौजूद थे। इस दौरान नेतरहाट के मुखिया राम बिशुन नगेसिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता शशि पन्ना के द्वारा लातेहार जिला में सीएस टू आरएस जमीन की समस्या का समाधान हेतु भूमि सर्वे शुरू करने की बात रखी गई। साथ ही नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वारा 200 एकड़ से अधिक अवैध भूमि कब्जा को आदिवासी रैयत को वापस दिलाने की बात रखी गई। इस मौके पर महुआडांड़ एसडीओ नीत निखिल सुरीन, बीडीओ अमरेन डांग एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### संगठन के कार्य 10 तक पूर्ण करें: भाजपा प्रभारी

**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सभी मंडलों में बूथ सशक्तिकरण और आजीवन सदस्यता अभियान समेत कई कार्यक्रमों को लेकर बुधवार को पार्टी की समीक्षा बैठक मंडल कमेटी के पदाधिकारियों के साथ अभियान के प्रभारी सह प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह की उपस्थिति में हुई। बैठक के दौरान प्रदेश कमेटी के द्वारा दिए गए मंडल समिति के दायित्व को 10 जुलाई तक किसी हालत में पूरा करके प्रदेश कमेटी में जमा कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, एस्टेला नगेसिया, रामदेव सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव सहित काफी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जमीन संबंधी तीन मामलों का किया निष्पादन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक निरीक्षक शशिकांत ठाकुर एवं अंचल राजस्व निरीक्षक मुख्य रुप से उपस्थित थे। इसमें पंदनी पंचायत के दो मामला एवं पेटादेरी पंचायत के एक जमीन विवाद संबंधी कुल तीन मामले का निष्पादन किया गया। पंदनी पंचायत के मनहरी गांव निवासी शशि सिंह बनाम बंगाली भुईयां एवं पेटादेरी पंचायत के नवादा निवासी दिनेश पाण्डेय बनाम नारायण राम को विवादित जमीन का मापी सरकारी अमीन से कराने का निर्देश दिया गया। वहीं अमझर गांव निवासी मनिष सिंह बनाम गणपति भुईयां का मामला अंचल न्यायालय में चल रहा है, जिसमे अगले आदेश तक दोनों पक्षों को जमीन पर जोत कोड नहीं करने का निर्देश दिया गया।

### खसरा-रुबेला से संबंधित कार्यों की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के समीक्षात्मक बैठक के क्रम में खसरा-रुबेला ग्रसित मरीजों से संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार द्वारा जानकारी दी गई की चतरा जिले में खसरा ग्रसित पूरे राज्य के तुलना में सबसे अधिक मरीज हैं। इसमें 12 क्षेत्र में खसरे का प्रकोप अत्यधिक रहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सिविल सर्जन डा. श्याम नंदन सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डा. दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया आयोजन

**लातेहार।** जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान (दिनांक 14 जुलाई से 14 अगस्त तक) के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र की आवश्यकताओं, इसका पंजीकरण करने की अवधि, संबंधित पदाधिकारी, अपीलीय पदाधिकारी की कार्य शक्तियां एवं दायित्व इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### ग्रामीणों ने बंद कराया इंक्लोजर निर्माण कार्य

**लातेहार।** जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ पंचायत का एक गांव है कुजरूम, जो पंचायत मुख्यालय से 15 किमी की दूरी पर पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में अवस्थित है। इसको वर्ष 1935 में वन विभाग ने विभागीय कार्यों के संपादन के लिए बसाया गया था। यहां आवागमन के लिए कच्चा वन पथ है। कुजरूम क्षेत्र में इंक्लोजर निर्माण कार्य चल रहा है। इससे आवागमन का एकमात्र उक्त रास्ता घेरा जा रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने काम को बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि घेराबंदी हो जाने से हमलोगों का रास्ता अवरुद्ध हो जाएगा। पंचायत मुख्यालय तक कैसे पहुंचेंगे। अपने रोजमर्रा की सामग्री कैसे खरीदेंगे और कोई बीमार पड़ गया तो आना -जाना कैसे होगा। वाहन नहीं पहुंच पाएगा। ग्राम प्रधान ललू उरांव ने बताया कि जबसे हमलोग उपायुक्त लातेहार की जनता दरबार में आवेदन दिये हैं वन विभाग के कर्मी से लेकर अधिकारी तक क्षुब्ध हैं। इसलिए हमलोगों को परेशान किया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति व राज्यपाल से मिलकर भी गांव की समस्याओं व वन विभाग द्वारा किए जा रहे शोषण से अवगत कराया जाएगा।

### केवि के बाल वाटिका-3 में नामांकन आज से

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय लातेहार के बाल वाटिका -3 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन छह जुलाई से 18 जुलाई तक जमा लिया जायेगा। आवेदन केवि की वेबसाइट पर जमा किया जा सकता है। प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने बताया कि बाल वाटिका-3 में नामांकन के लिए छात्र व छात्राओं की उम्र 31 मार्च 2023 को पांच वर्ष से अधिक लेकिन छह वर्ष से कम होनी चाहिए।

## मप्र की घटना के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड के शास्त्री चौक पर बुधवार की शाम मध्य प्रदेश के सीधी जिले एक आदिवासी व्यक्ति के चेहरे पर प्रवेश शुक्ला नामक व्यक्ति द्वारा पेशाब करने के मामले में महुआडांड़ कांग्रेस कमेटी एवं लातेहार जिला आदिवासी समिति के अध्यक्ष अजित पाल कुजूर के नेतृत्व में आरोपी का पुतला दहन किया गया। साथ ही भाजपा के खिलाफ नारे लगाए गए।

इस संबंध में अजित पाल कुजूर ने कहा कि आरोपी प्रवेश शुक्ला मध्य प्रदेश के बीजेपी विधायक केदार नाथ शुक्ला का प्रतिनिधि है। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने



की मांग करते हैं। मौके पर प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, मंदीप मिंज, विनोद खलखो, प्रवीण एक्का, सुषमा कुजूर, उषा खलखो, प्रमिला मिंज, इंदु कीरण मिंज, विनोद उरांव, नसीम अंसारी, नुरूल अंसारी, बसारत अली, आमिर सुहैल, रेणू तिग्गा, राजेश ठाकुर, आंनद प्रकार कुजूर, शुशिल लकड़ा, मुसाफिर अंसारी, अजय किस्पोट्टा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

**मामला बरवैया कला पंचायत का**

## दलालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : संतु

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
ग्राम पंचायत बरवैया कला की मुखिया के वित्तीय अधिकार को उपमुखिया को देने की मांग की गई है। बताया गया कि मुखिया दलालों के कब्जे में हैं, वह पंचायत की योजनाओं और हो रहे विकास से बिलकुल अनभिज्ञ हैं।

इस मामले पर संतु कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत बरवैया कला में 15 वें वित्त और नरेगा का पेमेंट मुखिया के दलाल दीपक प्रसाद एवं मंटू प्रसाद उर्फ आशीष प्रसाद के द्वारा डोंगल लेकर ब्लॉक में पेमेंट किया जाता है, उन्होंने बताया कि मुखिया को ब्लॉक कभी नहीं जाने दिया जाता है, जब कभी मीटिंग या उपायुक्त के द्वारा जिला में कोई कार्यक्रम होता है, तो ये दलाल ही मुखिया को अपनी गाड़ी से लेकर जाते हैं।

संतु कुमार ने बताया कि मुखिया को यह भी पता नहीं है कि उनके पंचायत में कितनी योजनाएं चल रही हैं और कौन-कौन सी योजना में कितना कितना पेमेंट हुआ है। बरवैया कला पंचायत निवासी दलाल मंटू प्रसाद उर्फ आशीष प्रसाद भूमिहीन हैं। लेकिन उनके माता जी के नाम से टीसीबी योजना स्वीकृत किया जा चुका है, जिसमें लगभग लगभग 17000 रुपए की निकासी की जा चुकी है। मंटू प्रसाद के माता जी का नाम शारदा देवी है, इनका टीसीबी वर्क कोड 607974 है। संतु कुमार ने बताया कि हमने मुखिया के खिलाफ उपायुक्त के पास उनका स्थानीय प्रमाण पत्र की जांच के लिए आवेदन भी दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार के अंतर्गत जितनी भी योजनाएं स्वीकृत की गयी थीं, उन सभी योजनाओं में एक भी योजना का काम धरातल पर नहीं किया गया है।

इसके साथ ही संतु कुमार ने उपायुक्त से इस मामले की जांच की मांग करते हुए, कहा है कि मुखिया समेत दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाए। उन्होंने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुखिया के सारे वित्तीय अधिकार उपमुखिया को दी जाए।

## झामुमो नेता ने पैसे लेकर अनुशंसा कराने के आरोप को नकारा

**चंदवा।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर योजना के नाम पर पैसे लेकर अनुशंसा कराने के आरोप को सिरे से नकार दिया है। गंझू ने कहा है कि कुछ लोगों ने मेरे ऊपर ये आरोप लगाया है कि भूमि संरक्षण विभाग के राइस फैलो विकास योजना के तहत तालाब जीर्णोद्धार योजना में विधायक से अनुशंसा कराने के नाम पर ग्रामीणों से दो-दो लाख रुपये की वसूली की है। उक्त जानकारी मुझे एक दैनिक अखबार के माध्यम से प्राप्त हुई है। मेरे ऊपर लगे उक्त आरोप झुठे और बेबुनियाद है। इससे मेरे मान सम्मान को गहरी चोट पहुंची है। इससे संगठन व विधायक की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है।

## पंचायत समिति की बैठक में बीडीओ सहित कई पदाधिकारी रहे अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड कार्यालय के सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड प्रमुख ममता देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य का मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, थाना विभाग सहित कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थित होने से प्रखंड प्रमुख प्रमुख सहित सभी पंचायत समिति सदस्य ने नाराजगी जाहिर की। वहीं बैठक में उपस्थित नरेगा विभाग के बीपीओ, अभियंता एवं तेतरिया माइंस के पदाधिकारी आंगनबाड़ी सहित कई विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान



कई सुझाव दिए गए। वहीं सीसीएल के तेतरिया माइंस द्वारा हो रही क्षेत्र में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। विकास के क्षेत्र में कई सुझाव जनप्रतिनिधियों ने दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख ने बतलाया कि बीडीओ आवश्यक बैठक के लिए जिला गए हुए हैं। जिस विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो पाए उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, ममता देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, सहेंद्र राम, बीरबल उरांव सहित कई पंचायत समिति सदस्य व कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ अविस्ताव प्रस्ताव लाया है। 23 में से 17 पंचायत समिति सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने नोटिस देकर विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। आवेदन में पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि प्रमुख पंचायत समिति में अपना बहुमत खो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायती राज अधिनियम के तहत विगत एक वर्ष से नियमित रूप से पंचायत समिति की बैठकें नहीं हो रही हैं। इसका असर विकास कार्यों




पर पड़ा है। अविश्वास प्रस्ताव लाने वालों में पंचायत सदस्य कर्मदेव उरांव, रजंती उरांव, चमन परहिया, रामविलास सिंह, पुनीत भुइयां, नसवलेन आलम, मो उमर आलम, कौशल कुमार रवि, पिंकी देवी, सरिता देवी, रीता देवी, खुशबू बीबी, बैजंती देवी, रीना देवी, शांति देवी, रेशम बानो व सीता कुमारी शामिल हैं।

**कार्यक्रम** | राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालयों में किया झंडातोलन

# राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस मनाया गया

**बरवाडीह/बालूमाथ/बारियातु**
प्रखंड के सामुदायिक भवन में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने की। बैठक में शम्मीउल्लाह अंसारी, रविंद्र प्रसाद सोनी, मुन्नी लाल चंद्रवंशी, संतोष यादव, अयोध्या प्रसाद यादव, प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुसर्रत अली, उमेश कुमार रवि, जिला महासचिव नेशार अहमद, जगनारायन माली, बालेश्वर सिंह, कन्हाई यादव, मनोज यादव, अशोक यादव, रुपचंद यादव, संजय सिंह, विनय सिंह, नन्हकु सिंह, संजय वर्मा, वैरम खा, अखिलेश पासवान आदि शामिल हुए। आरजेडी के







27 वें स्थापना दिवस पर झंडा तोलन किया गया। **वहीं बालूमाथ** में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के 27वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव के नेतृत्व में झंडा तोलन किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, युवा अध्यक्ष दीपक यादव, जगदेव उरांव, ज्योति सिंह, पंकज सिन्हा, मनोज यादव, राहुल तिवारी, हरिहर यादव बाबूलाल राम, तुलसीराम, मो अजमल हुसैन, निर्मल गंझु, राजन कुमार, संगीता देवी, विनोद राम, मो तौफीक अंसारी, अभय यादव आदि उपस्थित रहे। **वहीं बारियातु** में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव की अध्यक्षता में पार्टी के 27वें स्थापना दिवस पर झंडातोलन किया। मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन उरांव, गिरु यादव, शंभू ठाकुर, विजय पासवान, सोनु खान, मो सद्दाम अंसारी, मो जुबैर, सुरेश यादव, जसवंत यादव, बैजनाथ यादव, बसंत विश्वकर्मा, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## सभापति ने पुस्तकालय, विज्ञान भवन व छात्रावास का निरीक्षण किया, केजीबीवी छात्रावास में पेयजल व्यवस्था का निर्देश

# ब्वॉयज-गर्ल्स छात्रावास में कम्प्यूटर अधिष्ठापित करने का निर्देश

### छात्राओं ने सभापति को बताया, छात्रावास में मात्र तीन बाथरूम ही उपयोग लायक, शेष जाम व खराब





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सभापति ने बीएस कॉलेज में कल्याण विभाग के ब्वॉयज छात्रावास और एक गर्ल्स छात्रावास में कम्प्यूटर अधिष्ठापित किये जाने का निर्देश दिया गया ताकि छात्रों को ऑनलाइन फार्म भरने के लिए कोई समस्या नहीं हो। सभापति द्वारा विज्ञान भवन स्थित पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र में छात्र-छात्राओं से मुलाकात उनकी समस्या से अवगत हुए और अपने लक्ष्य के लिए परिश्रम किये जाने की सलाह दी। समिति द्वारा इसके पश्चात कल्याण विभाग अंतर्गत कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय स्थित छात्रावास का निरीक्षण किया गया। छात्राओं द्वारा पेयजल उपलब्धता की शिकायत की गई जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर छात्रावास में पेयजल की व्यवस्था हेतु कनेक्शन दिया जाय। कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद द्वारा बताया गया कि दो दिनों के अंदर पानी का कनेक्शन पाईपलाईन के जरिये कर दिया जाएगा। साथ ही, पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता द्वारा 20 दिनों के अंदर एक चापानल छात्रावास परिसर में अधिष्ठापित किये जाने का आश्वासन दिया गया। छात्राओं की ओर से बिजली संबंधी शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा को निर्देश दिया गया कि छात्रावास के अंदर एक ट्रांसफार्मर अधिष्ठापित किया जाय, जिसका इस्तेमाल सिर्फ छात्रावास में ही किया जाय। छात्राओं द्वारा बताया गया कि छात्रावास में मात्र तीन बाथरूम ही उपयोग लायक हैं, शेष जाम व खराब हैं। जिला कल्याण पदाधिकारी को खराब बाथरूम को ठीक कराये जाने का निर्देश दिया गया। नये बने छात्रावास में बेड नहीं रहने के कारण वह अनुपयोगी है जिस पर कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बेड लगाने के लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। छात्राओं के लिए मच्छरदानी, बर्त्तन इत्यादि के लिए विभाग को डिमांड भेज दी गई है। छात्राओं को आश्वास्त किया गया कि छात्रवृत्ति अन्य ऑनलाइन आवेदन करने हेतु छात्रावास में एक कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा। परियोजना निदेशक आईटीडीए एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि माह-डेढ़ माह में छात्रावास में आकर व्यवस्था जरूर देखें। सभापति ने छात्राओं के नौकरी करने वाले अभिभावकों से संबंधित जानकारी प्राप्त करनी चाही, इस पर सभी छात्राओं ने बताया कि किसी भी छात्रा के अभिभावक सरकारी नौकरी में नहीं हैं, वे मजदूरी व कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं। निरीक्षण के अवसर पर आईटीडीए निदेशक, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वज्रपात से सुरक्षा के लिए विद्यालयों में लगाएं तड़ित चालक : सभापति

**लोहरदगा।** लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता में बुधवार को दूसरे दिन लोहरदगा परिसदन में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक सर्वप्रथम आपदा प्रबंधन विभाग की ओर दी जानेवाली आपदा राहत संबंधी मामलों की समीक्षा की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष 2022-23 के सभी पीड़ित के आश्रितों को आपदा राहत का भुगतान किया जा चुका है। इस वित्तीय वर्ष का आवंटन अप्राप्त है। आवंटन प्राप्त होते हुए इस वित्तीय वर्ष के पीडितों के आश्रितों को आपदा राहत का भुगतान कर दिया जाएगा। सभापति ने ग्रामीणों के बीच जनजागरूकता हेतु आपदा विभाग के द्वारा दिये जानेवाले आपदा से संबंधित दी जानेवाली राहत राशि से संबंधित जानकारी प्रखंड स्तर, ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए बैनर लगाये जाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में निदेश दिया गया कि वज्रपात की संभावना को देखते हुए विद्यालयों में तड़ित चालक लगाये जाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। श्रम अधीक्षक एवं खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पाखर खदान में हिंडाल्को के द्वारा अधिगृहित भूमि का कैंप कर समस्या का समाधान करें। हिंडाल्को के द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का स्थानीय प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को द्वारा मात्र 445 कर्मियों की सूची उपलब्ध करायी गई है। उपायुक्त ने जिला नियोजन पदाधिकारी को नियमानुसार आउटसोर्सिंग एजेंसी पर पेनाल्टी लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, आईटीडीए निदेशक अरविंद कुमार लाल समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 'ठकुराइन तालाब में सीढ़िया बनाना सराहनीय कार्य'

**लोहरदगा।** शहर के मध्य स्थित गुदरी बाजार में सबसे पुराने एवं धार्मिक ठकुराइन तालाब पर काफी मिट्टी भर गया था जिसकी सफाई को लेकर स्थानीय लोग काफी समय से मांग करते आ रहे थे। उसे नगर पार्षद के द्वारा मिट्टी को निकलवा कर सफाई कराया गया जोकि सराहनीय है परंतु मिट्टी उठाओ के बाद काफी गड्ढे हो गए थे उस पर छठ व्रतियों को काफी कठिनाइयों के साथ वहां पर घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। जिला प्रशासन एवं नगर पार्षद के द्वारा सीढ़ी का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर शहर वासियों ने उपायुक्त, नगर पार्षद एवं सांसद सुदर्शन भगत को धन्यवाद दिया। आभार प्रकट करने वालों में भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, जिला सेवा भारती अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सुमित राय, अवधेश मित्तल, संजय बर्मन, शशि भूषण सिंह, संजय चौधरी, अजय पंकज, हेमंत वर्मा आदि शामिल हैं।

## चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉ. दीप्ति व डॉ. संजय को मिला सम्मान

### दोनों चिकित्सकों को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार, पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने दी बधाई





**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा राज्य भर के उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले डाक्टर एवं पर मेडिकल कर्मियों को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान दिया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में भंडरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार को भी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी दीप्ति मल्लिका कुजुर को भी सम्मानित किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा झारखंड के सभी जिलों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों का चयन सिविल सर्जन के अनुशंसा पर किया गया था। इसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार व डॉ दीप्ति मल्लिका कुजूर को यह सम्मान दिया गया। दोनों चिकित्सको को सम्मान दिए जाने पर भंडरा बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## शराब के नशे में कीटनाशक दवा खाने वाले की मौत

**सेन्हा।** भड़गांव बेड़ा टोली में मंगलवार को युवक ने कीटनाशक दवा खाया था। जिसे हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु एंबुलेंस मुहैया कराते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। बताया जाता है, कि मंगलवार को बन्धन उराँव कीटनाशक दवा का डब्बा में रेपर नही होने के कारण गलती से दवा समझ कर खा लिया था। जिस के बाद युवक की स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीण एवं परिजनों ने सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज हेतु भर्ती कराया जिसे बेहतर इलाज के लिये राँची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान बुधवार को युवक मृत्यु हो गया।

## डीटीओ ने समिति के सभापति को किया गुमराह, दी गलत जानकारी

### ऑनलाइन आवेदनों को महीनों लंबित रखते हैं डीटीओ, मनमर्जी से करते हैं कार्य

### जनसंपर्क पदाधिकारी का ही मामला दो महीनों से लटकाये रखे हैं डीटीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता में मंगलवार को लोहरदगा परिसदन में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई थी। इस बैठक में परिवहन विभाग की समीक्षा में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा समिति को गुमराह करते हुए गलत जानकारी दी गई। इसमें जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभापति समेत सभी सदस्यों को जानकारी दी गई कि लोहरदगा जिला में ड्राइविंग लाइसेंस का कोई आवेदन लंबित नहीं है, सभी आवेदन ऑनलाइन तुरंत निष्पादित कर दिए जाते हैं, जबकि सच्चाई इससे अलग है। ऑनलाइन आवेदनों को महीनों लंबित रखा जाता है। परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार अपनी मर्जी के आधार पर कार्य निष्पादित करते हैं। एक मामला जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, लोहरदगा का भी है जिन्होंने दो माह पहले ड्राईविंग लाइसेंस के नवीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन दिया था। सभी प्रक्रियाओं के बाद यह आवेदन दो माह से जिला परिवहन पदाधिकारी के पास आवेदन लंबित है। सिर्फ जिला के एक पदाधिकारी की बात नहीं है बल्कि ऐसे कई आवेदन हैं जो जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में धूल फांक रहे हैं। ऐसे में समिति को बड़ी ही सफाई से गुमराह कर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार निकल गये। ज्ञात हो कि समिति में सदस्य के रूप में कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, तोरपा के विधायक कोचे मुण्डा और बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव भी बैठक में उपस्थित थे। समिति को उस समय बिल्कुल भी भनक नहीं लगी कि पदाधिकारी समिति के समक्ष गलत आंकड़ा और झूठ वक्तव्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

## कच्चे मकान की दीवार गिरने से महिला हुई जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत अरु पंचायत क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में कच्चा खपरैल मकान बारिश के कारण गिर गया। वहीं कच्चा खपरैल मकान की दीवार गिरने से एक महिला दब कर जख्मी हो गई जिसका इलाज अभी निजी अस्पताल में चल रहा है। साथ ही पीड़ित परिवार का आशियाना भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने पर परिवार के बीच रहने की समस्या बना हुआ है। इसको लेकर कल्हेपाट निवासी कलेश्वर हजाम अपनी समस्या से अवगत कराते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को आवेदन के माध्यम से कहा कि मकान गिरने से मेरी 40 वर्षीय पत्नी छुनु देवी दीवार में दब कर जख्मी हो गई है। और उसके इलाज में काफी पैसा खर्च हो रहा है। बताते हुए महिला का इलाज हेतु सरकारी सहायता मुहैया करवाने का मांग किया। जबकि अंचलाधिकारी विजय कुमार को अवगत कराते हुए आपदा राहत कोष से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मती का मांग किया गया। वहीं मुखिया राजश्री उराँव द्वारा पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता मुहैया उपलब्ध करवाने को लेकर प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में संपर्क कर पीड़ित परिवार को मदद दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंकवट हॉल में राष्ट्रीय जनता दल का 27 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष सुनील मेहता एवं युवा जिला अध्यक्ष राजेश उरांव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की लालू प्रसाद यादव ने 5 जुलाई 1997 को राजद की नीव रखी थी। जो आज अपना 27 वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। हमलोग लालू यादव के मार्गदर्शन एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के मार्गदर्शन से लोहरदगा में राजद संगठन को धारदार बनाएंगे। मौके पर जिला सचिव सहदेव लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अल्ताफ हुसैन, अब्दुल खान, हरि उरांव, संजय कुमार, दशरथ साहू, ओम प्रकाश, मुख्तार अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### जिप अध्यक्ष के आरोप | बाबू की कार्यशैली से पंचायती राज की परिकल्पना हो रही विफल

# एक कर्मचारी के हाथों की कठपुतली बनी जिला परिषद




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सरकारी बाबू की कार्यशैली पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने सवालों की बौछार कर दी है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने जिला परिषद के अंदर खाने में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर जवाब दिया है। किस्को और सेन्हा प्रखंड में एक भी योजना स्वीकृत नहीं किए जाने पर नाराजगी जतायी। वहीं जिला परिषद की कार्य योजना को एक कर्मचारी के हाथों की कठपुतली बताया।

जिला परिषद अध्यक्ष यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिला परिषद से निकलने वाली करोड़ों की योजनाओं पर कुछ चुनिंदा ठेकेदारों के साथ सेटिंग कर योजना का निस्तारण किया जा रहा है। कई योजना में संवेदक के साथ पार्टनरशिप कर राशि का बंदरबांट भी किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद अध्यक्ष और परिषद के सदस्यों के नाम पर भी एक सरकारी बाबू संवेदक से 7 प्रतिशत कमीशन की उगाही करते रहे हैं। जिला परिषद के योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं देकर उनके नाम पर कमीशन लेकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है।

कहा कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त आवंटन को भी जिला परिषद का कतिपय कर्मचारी मनमर्जी खर्च कर रहा है। गेटिंग सेटिंग के तहत प्रिय पात्र संवेदक को लाभ देने का खेल हो रहा है। उन्होंने कहा कि, कुडू बस स्टैंड भारी राजस्व देने वाली जगह है पर, सुनियोजित तरीके से इसकी निविदा नहीं होने दी गई। अभी विभागीय वसूली की जा रही है। इससे जिला परिषद को लाखों की क्षति हो रही है। जिला परिषद कार्यालय के दस्तावेजों को जनप्रतिनिधियों से छुपाकर रखने से सरकारी तंत्र के बाबूओं को प्रत्यक्ष लाभ है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद से निकलने वाले टेंडर को भी कार्यालय के कर्मचारियों का समूह सेटिंग कर निपटा रहे हैं। कहा कि आगामी बोर्ड की बैठक में कर्मचारी को जिला परिषद से बाहर कर भ्रष्टाचार मुक्त जिला परिषद को बनाना है ताकि जिन आकांक्षाओं से हम जनप्रतिनिधियों को लोहरदगा की आवाम ने निर्वाचित किया है। हम लोग उनकी उम्मीदों का लोहरदगा बना सकें। जिप चेयरमैन रीना कुमारी ने कहा कि, जिला परिषद के सरकारी बाबू के कार्यशैली से लोहरदगा में पंचायती राज की परिकल्पना पूरी तरह विफल हो रही है। फिलहाल निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सरकारी तंत्र के बाबूओं में मतभिन्नता और गतिरोध के कारण पंचायती राज की परिकल्पना हाशिए पर है। इससे कल्याणकारी ग्रामीण विकास की योजनाओं का प्रभावी संचालन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इधर नाम न छापने की शर्त पर एक संवेदक ने बताया कि शहर के एक निजी होटल में पूर्व जिला परिषद सदस्य और सरकारी बाबू की सेटिंग पर तय होता है किस संवेदक को कौन सा टेंडर भरना है। टेंडर लेने वाले संवेदक को पांच प्रतिशत राशि बचे हुए संवेदकों के बीच वितरण किया जाता है। यही वजह है की कभी 25 से 30 प्रतिशत लेस में होने वाली टेंडर प्रक्रिया आज सिडीयुल में तय हो रहा है। सूत्रों की मानें तो टेंडर सेटिंग को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है।

## सेन्हा में घर में घुसकर डीएपी खाद की चोरी

### उगरा पंचायत क्षेत्र के कोयल नदी के समीप स्थित कोराम्बे गोरा टोली ग्राम में निर्मित कच्चे मकान में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े घटना को दिया अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** कोराम्बे गोरा टोली स्थित कोयल नदी डीपा में निर्मित मकान से अज्ञात चोरों द्वारा घर के अंदर से दो बोरा डीएपी खाद को चोरी कर लेने से मसोमात महिला ने जानकारी देते हुए परेशान हो उठी। सेन्हा थाना अंतर्गत उगरा पंचायत क्षेत्र के कोयल नदी के समीप स्थित कोराम्बे गोरा टोली ग्राम में निर्मित कच्चा मकान से अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े घर में रखा चार बोरा खाद में से दो बोरा डीएपी खाद को चोरी कर ले भागे जबकि एक बुजुर्ग घर का दरवाजा पर बैठ हुआ था। जो मेहमानी आया हुआ था। उसके पूछने पर अज्ञात चोर ने यह बताया कि डीएपी खाद हमलोग ही रखे थे। हमें इसको खेत में डालना है। बोल कर घर से डीएपी खाद निकाल कर ले गया। वहीं मसोमात महिला सुरजी देवी ने जानकारी देते हुए कहा की घटना के समय घर में मेहमान बुजुर्ग बैठे हुए थे और हम धान का बिचड़ा छिटने खेत गए थे। बताते हुए कहा कि जब खेत से लौट कर घर आए तो दो बोरा डीएपी खाद गायब था। जबकि दो दिन पूर्व तीन बोरा डीएपी तथा एक बोरा यूरिया दुकान से खरीद कर लाये थे। जिसको अज्ञात चोर ने बुजुर्ग से झूठ बोल चोरी कर ले गया।

NEWS इन ब्रीफ

## मारुति की सबसे महंगी कार 'इनविक्टो' लॉन्च

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने बुधवार को अपनी पहली प्रीमियम एमपीवी'इनविक्टो' को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये कंपनी की सबसे महंगी कार है। कार की शुरूआती कीमत 24.79 लाख रुपए है जो टॉप वैरिएंट में 28.42 लाख रुपए तक जाती है। इसके अलावा इनविक्टो को हर महीने 61,860 रुपए के सब्सक्रिप्शन पर भी लिया जा सकता है। कंपनी ने कार की बुकिंग 19 जून से शुरू कर चुकी है। बायर्स एमपीवी सेगमेंट की कार को कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट से या नेक्सा डीलरशिप पर 25 हजार रुपए की टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसका सीधा मुकाबला टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस से रहेगा। कार को महिंद्रा एक्सयूवी 700, किया केरेंस और किया कार्निवल से भी कार को कॉम्पिटिशन मिलेगा।

## विदेशी निवेश पाने में भारतीय बाजार तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में अप्रैल-जून तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा (1,220 करोड़ डॉलर) का विदेशी निवेश आया। पहले स्थान पर काबिज जापान के शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने 6,607 करोड़ डॉलर का निवेश किया। चीन 4,818 करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। इस अवधि में ताइवान के बाजारों में विदेशी निवेशकों ने 327 करोड़ डॉलर, इंडोनेशिया के बाजारों में 64 करोड़ डॉलर व दक्षिण कोरिया में 29 करोड़ डॉलर का निवेश किया है।

# जीएसपी लाभ समय की जरूरत : बुधिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात-आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को अमेरिका द्वारा प्राथमिकताओं की सामान्यीकृत प्रणाली (जीएसपी) लाभ को प्राप्त करने के लिए जल्द समाधान आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि इससे द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत और अमेरिका घरेलू निर्यातकों के लिए जीएसपी लाभ की बहाली की मांग पर चर्चा करने को सहमत हो गए हैं। इससे घरेलू निर्यातकों को फायदा होगा। अमेरिका में पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 2019 में भारत के लिए जीएसपी को रद्द कर दिया था। जीएसपी पात्र विकासशील देशों को अमेरिका को शुल्क मुक्त वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देता है। बुधिया ने कहा कि जीएसपी के तहत अमेरिकी आयात का लगभग दो-तिहाई हिस्सा कच्चे माल, कलपुर्जे या मशीनरी और उपकरणों के रूप में होता है। इनका उपयोग अमेरिकी कंपनियों द्वारा घरेलू उपभोग या निर्यात के लिए वस्तुओं के विनिर्माण में किया जाता है। बुधिया पैटन ग्रुप के प्रबंध निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष परस्पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए सहमत हुए हैं। जल्द से जल्द समाधान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि चूंकि दोनों देशों के बीच सहयोग के बड़े अवसर हैं, इसलिए 2030 तक 500 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य को हासिल करने के लिए आर्थिक भागीदारी को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है।कुछ द्विपक्षीय व्यापार मुद्दों को हल करने और निपटाने के कदम से विकास के लिए एक अनुकूल आर्थिक माहौल तैयार होगा जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। डब्ल्यूटीओ में इन व्यापार असहमतियों को समाप्त करने का निर्णय एक बड़ा कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि दोनों देशों की कंपनियां अब आपसी विश्वास और भरोसे के साथ उन्नत स्तर पर व्यापार कर सकें। उन्होंने कहा कि एक बहुत ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण मुद्दा जिसे जल्द से जल्द निपटाने की जरूरत है, वह है भारतीय निर्यातकों को जीएसपी लाभ की बहाली।

## पेटीएम का जीएमवी जून तिमाही में 37% बढ़कर 4.05 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड के तहत सेवाएं देने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में अप्रैल-जून की तिमाही में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 4.05 लाख करोड़ रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएमवी से आशय पेटीएम के मंच के जरिए दुकानदारों को आदि किए जाने वाले कुल भुगतान से है। इससे पिछले साल की जून तिमाही में पेटीएम का जीएमवी 2.96 लाख करोड़ रुपए था। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, ह्यह्यजून तिमाही में जीएमवी 4.05 लाख करोड़ रुपए (49.3 अरब डॉलर) रहा, जो सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की वृद्धि है।" तिमाही के दौरान पेटीएम का ऋण वितरण ढाई गुना होकर 14,845 करोड़ रुपए हो गया।

## सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 66 अंक टूटा निफ्टी को भी हुआ नुकसान



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ खुले, पर मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से बाद में नुकसान में आ गए। पिछले कुछ सत्रों से शेयर बाजार लगातार नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 44.19 अंक की बढ़त के साथ 65,523.24 अंक पर खुला। बाद में यह 105।28 अंक की बढ़त के साथ 65,584.33 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 20.4 अंक की तेजी के साथ 19,409.40 अंक पर खुला और बाद में 32.6 अंक की बढ़त के साथ 19,421।60 अंक पर पहुंच गया।हालांकि, सेंसेक्स और निफ्टी अपनी शुरूआत बढ़त को कायम नहीं रख पाए। बाद में सेंसेक्स 65.60 अंक के नुकसान के साथ 65,413.45 अंक पर आ गया। निफ्टी भी 16 अंक के नुकसान से 19,373 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, मारुति, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले के शेयर नुकसान में थे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में कारोबार कर रहे थे।

## वी ने बिहार और झारखण्ड में लॉन्च किया सुपर डे पैक

**रांची।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने बिहार और झारखण्ड में अनूठा सॉकेट डेटा पैक सुपर डे लॉन्च किया है। इसके साथ वी के प्रीपेड यूजर बिना किसी रूकावट के डेटा का इस्तेमाल जारी रख सकते हैं और अपनी जरूरत एवं पसंद की सभी एक्टिविटीज के साथ बेहतर अनुभव पा सकते हैं। किफायती दाम पर उपलब्ध, वी सुपर डे पैक मात्र रु 49 में 24 घण्टे के लिए 6 जीबी डेटा देता है। वी सुपर डे सॉकेट पैक खासतौर पर युवाओं एवं व्यस्कों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनकी डेटा की जरूरत बहुत अधिक होती है।

## एयर इंडिया-विस्तारा मर्जर पर सीसीआई की तलवार

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की विमानन कंपनी एयर इंडिया और विस्तारा के विलय को लेकर अहम सवाल अब प्रतिस्पर्धा को लेकर खड़ा हो गया है। हालांकि दोनों विमान कंपनियों ने सफाई दी है कि इस विलय से कॉम्पटीशन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा क्योंकि विलय के बाद जिन रास्तों पर इनकी फ्लाइट्स होंगी, उनमें अधिकतर पर कॉम्पटीशन मौजूद है। टाटा सन्स की एयर इंडिया और विस्तारा ने कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (उउक) से ये बातें कही हैं। इसका खुलासा एक मीडिया रिपोर्ट से हुआ है। सीसीआई ने कुछ समय पहले दोनों विमानन कंपनियों को विलय को लेकर नोटिस भेजा था। इसमें पूछा गया था कि विलय का क्या असर होगा, इसे लेकर जांच क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए? प्रतिस्पर्धी कानून के मुताबिक सीसीआई के पास ये अधिकार है।

**टॉप-10 लिस्ट में हो सकते हैं शामिल**

# मुकेश अंबानी ने एक दिन में कमाए 19000 करोड़ रुपए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। दरअसल मुकेश अंबानी दुनिया के रईसों के प्रतिष्ठित ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 13वें स्थान पर आ गए हैं और टॉप 10 में जगह बनाने के लिए उनको केवल 3 और उद्योगपतियों को पीछे छोड़ना होगा। एशिया के सबसे धनवान अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी को बीते 24 घंटे में जबरस्त फायदा हुआ है और उनकी नेटवर्थ में 2.35 अरब डॉलर या करीब 19,000 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला है। इसके दम पर उनकी कुल नेटवर्थ 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो चुकी है और 90.6 अरब डॉलर पर आ चुकी है। इस पूरे साल की बात करें तो अभी तक मुकेश अंबानी को 3.46 अरब डॉलर का फायदा नेटवर्थ में देखने को मिला है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मुकेश अंबानी का 13वां स्थान इस समय है और अब टॉप-10 में दोबारा एंट्री के लिए उन्हें केवल 3 और अरबपति कारोबारियों को पीछे छोड़ना होगा। इनके नाम हैं फ्रेंनकॉइस बेटनकोर्ट मेईर्स कार्लोस स्लिम और सर्गी ब्रिन. मुकेश अंबानी और इन तीनों उद्योगपतियों की दौलत के बीच का फासला काफी कम रह गया है जिससे ये उम्मीद बनी है कि जल्दी ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन इस टॉप-10 लिस्ट में दाखिल हो जाएंगे। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी जो एक समय दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स का दर्जा हासिल कर चुके थे, वो इस समय इस लिस्ट में 21वें स्थान पर हैं और टॉप-20 रईसों में भी नहीं हैं। गौतम अडानी 60.3 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 21वें स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने इस साल अब तक 60.2 अरब डॉलर की दौलत गंवाई है।

## कनाडा में 2 फीसदी प्रवासी भारतीय करते हैं खालिस्तान एजेंडे का समर्थन

**कनाडा।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां कर रहे मुट्ठी भर खालिस्तान समर्थकों को लेकर एक सर्वेक्षण में बड़ा खुलासा हुआ है। असोसियेट टाइम्स द्वारा किए गए इस सर्वे में कहा गया है कि कनाडा में पंजाब से संबंध रखने वाले केवल 2 फीसदी भारतीय प्रवासी खालिस्तान एजेंडे का समर्थन करते हैं। जबकि 98 फीसदी लोगों का मानना है कि खालिस्तानी एजेंडे को भारत विरोधी तत्व हवा दे रहे हैं और उनका मकसद पंजाब में आम लोगों को परेशान करना है। सर्वेक्षण में उत्तरदाताओं ने यह भी कहा है कि खालिस्तान के नाम पर कनाडा में एकत्र किए गए धन का निजी स्वार्थों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण ऐसे समय में आया है जब कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थक बौखलाए हुए हैं और 8 जुलाई को टोरंटो में भारतीय उच्चायोग के सामने प्रदर्शन कर माहौल को खराब करने की कोशिश करने वाले हैं। एसोसिएट्स टाइम्स सर्वेक्षण में कनाडा के ऐसे कई प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया है जहां पर बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनमें ब्रिटिश कोलंबिया, ओंटारियो और क्यूबेक भी शामिल हैं। सर्वेक्षण में पंजाबी भारतीयों ने खालिस्तान प्रचार और आंदोलन को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने सर्वे में स्पष्ट कर दिया है कि कुछ लोगों का छोटा ग्रुप खालिस्तान आंदोलन को हवा देने की कोशिश कर रहा है। जिससे इस ग्रुप के गुप्त उद्देश्यों पर संदेह पैदा हो रहा है।

## गाजा पर दूसरे दिन इजराइली अटैक, 12 फिलिस्तीनियों की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जेनिन शहर में 2 दिन से जारी तनाव के बाद मंगलवार को इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक से पीछे हटना शुरू कर दिया। सेना के 2 दिन के ऑपरेशन में करीब 12 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, वहीं 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। इस रेड के दौरान एक इजराइली सैनिक की भी मौत हो गई। अल जजीरा ने बताया कि इजराइल के ऑपरेशन ने जेनिन में रिफ्यूजी कैंप को तबाह कर दिया। इलाके में मौजूद घर, सड़कों और कारों का मलबा हर जगह फैल गया। इसके बाद मंगलवार देर रात गाजा पट्टी से इजराइल पर मिसाइल फायर की गई। हमलों को देखते हुए सदर्न इजराइल में अलर्ट सायरन बजाया गया और आयरन डोम को एक्टीवेट कर दिया गया। इजराइली मिलिट्री ने गाजा से आए 5 रॉकेट को मार गिराने की पुष्टि की। इसके बाद सेना ने गाजा पट्टीऔर हमास के ठिकानों पर दोबारा एयरस्ट्राइक की। इस बीच तेल अवीव में एक हमास सपोर्टर अपनी कार लेकर बस स्टॉप में घुस गया और लोगों पर चाकू से हमला करने लगा। इस अटैक में 8 लोग घायल हो गए। इस पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू ने कहा- इस तरह के हमले आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई को नहीं रोक सकते हैं। अभी के लिए इजराइली सेना अपना मिशन पूरा करके लौट रही है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम फिर लौटेंगे।

## चीन में मूसलाधार बारिश व बाढ़ ने मचाया कहर

# 15 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। बीजिंग**

दक्षिण-पश्चिमी चीन के पहाड़ी इलाकों में मौसमी मूसलाधार बारिश के कारण मची तबाही से कम से कम 15 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय सरकार की वेबसाइट के अनुसार, 3.1 करोड़ की आबादी वाले विशाल पहाड़ी क्षेत्र चोंगकिंग में सुबह तक चार लोगों के लापता होने की खबर भी थी। देश के अन्य हिस्सों में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं लेकिन चोंगकिंग में बाढ़ घातक प्रतीत हो रही है जहां से अब तक हजारों लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। रिपोर्ट ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन में, बाढ़ के कारण 85,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चोंगकिंग में बाढ़ की चेतावनी का स्तर चार से बढ़ाकर तीन कर दिया गया है, जो संकट की बढ़ती गंभीरता को दशार्ता है। सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट की गई तस्वीरों में, बचाव दल नाव में सवार होकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते और कार्यकर्ता भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कों को साफ करते नजर आ रहे हैं। हर साल चीन के बड़े हिस्से में मौसमी बाढ़ आती है, खासकर अर्ध-उष्णकटिबंधीय दक्षिण क्षेत्र में। इस वर्ष कुछ उत्तरी क्षेत्रों में भी 50 साल में सबसे भीषण बाढ़ की खबरें हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**
**Very Short e-Quotation No. 06/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category for repairing and maintenance of 15 HP C/F motor pump set,7.5 HP VT pump set, S/F control panel etc and other allied works at rural W/S scheme KISKO lohardaga under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla. work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 08.07.2023 at 3.30 hrs. to 15.05.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 16.07.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 301446 Water Resource(23-24)D



**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

**(P.R No.- 298192 )**

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कार्रवाई से संबंधित अंतिम अवसर प्रदान करते हुए पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन **(P.R No.- 298192)** के क्रम में पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :– | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :– | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 07.07.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 301437Lohardaga(23-24)#D



**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

चियांकी, डाल्टनगंज, कजरी, राजहरा स्टेशनों पर दिनांक 10.07.23 से 26.07.23 तक नन–इंटरलाक कार्य के मद्देनजर निम्नलिखित गाड़ियों को पुनर्निर्धारित किया गया है, विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | गाड़ी सं. / नाम | यात्रा प्रारंभ होने की तिथि | पुनर्निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1. | 03343 अप (गोमो–चोपन पैसेंजर) (प्रतिदिन) | 12.07.23, 13.07.23, 14.07.23, 16.07.23, 17.07.23, 19.07.23, 20.07.23, 21.07.23, 23.07.23, 25.07.23 एवं 26.07.23 | गोमो में 150 मिनट पुनर्निर्धारण |
| 2. | 03363 अप (बरवाडीह–डेहरी ऑन सोन पैसेंजर) (प्रतिदिन) | 12.07.23, 13.07.23, 14.07.23, 16.07.23, 17.07.23, 19.07.23, 20.07.23, 21.07.23, 23.07.23, 25.07.23 एवं 26.07.23 | बरवाडीह में 60 मिनट पुनर्निर्धारण |
| 3. | 03360 डाउन (वाराणसी–बरकाकाना पैसेंजर) (प्रतिदिन) | 10.07.23, 11.07.23, 15.07.23, 16.07.23, 18.07.23, 19.07.23, 21.07.23, 22.07.23, 23.07.23, 25.07.23 एवं 26.07.23 | पं. दिन दयाल उपाध्याय में 150 मिनट पुनर्निर्धारण |

विस्तृत जानकारी के लिए–www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP

पीआर/0687/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/23–24/60 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर



**कार्यालय:जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ई मेल –latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

**अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2023**
**(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)**

**:– आवश्यक सूचना :–**

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 21.07.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 22.07.2023 के अपराह्न 04:00 बजेअपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.inएवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR 301422 (Human Resource Developement) 23-24 (D)



**न्यायालय:–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई निम्नांकित तिथियों को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | केस संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य | घटना स्थल | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | C 1652/2022 | 42/2022 | महिन्द्रा मैजिक वैन निबंधन सं0– JH11L - 0997, साल चौपहल – 17 पीस। | रनपुरा चिनियाँ मुख्य मार्ग | 13.07.2023 |
| 02 | C 1740/2022 | 52/2022 | पिकअप संख्या– CG15A - 0288, साल चौपहल– 70 पीस। | रामानुजगंज रंका मुख्य पथ, दौनादाग NH 343 | 13.07.2023 |
| 03 | रंका थाना कांड संख्या 192/2022 | 53/2022 | ट्रैक्टर निबंधन संख्या– JH14B - 4156, ईंजन नंबर – CH-PY5038X006052 (ट्रॉली सहित), एवं उस पर लदा बालू। | ग्राम– विश्रामपुर, थाना– रंका, जिला– गढ़वा। | 13.07.2023 |
| 04 | C 974/2023 | 02/2023 | केन्दु पत्ती – 06 बोरा। | भण्डरिया आर0 एफ0 | 13.07.2023 |
| 05 | C 940/2023 | 03/2023 | केन्दु पत्ती – 04 बोरा। | भण्डरिया आर0 एफ0 | 13.07.2023 |
| 06 | C 991/2023 | 04/2023 | केन्दु पत्ती – 08 बोरी (अर्धभरित) | लिदकी (नगनाहा) | 02.08.2023 |
| 07 | C 979/2023 | 05/2023 | मोटरसाईकल हिरो HF DELUXE No. – CG30C – 5375, साल चौपहल – 03 पीस। | हेताड़कला सुरक्षित वन। | 13.07.2023 |
| 08 | C 1004/2023 | 06/2023 | (1) 407 पिकअप सफेद रंग, (2) महिन्द्रा ट्रैक्टर 275DI, ईंजन नंबर – 006505439C1, चेचिस नंबर – RDLW03795 (3)हिरो होण्डा मोटरसाईकल JH03AH - 8385 (5) केन्दु पत्ती – 51 बोरी (6) साल बल्ली – 4 पीस। | नौका सुरक्षित वन। | 02.08.2023 |
| 09 | C 1008/2023 | 07/2023 | केन्दु पत्ती – 74 बोरी (अर्धभरित) | ग्राम कुरूण। | 02.08.2023 |

ह0/–
प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 301497 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D



**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**"अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना"**

**संख्या– 01/2023–24**

लातेहार जिलान्तर्गत अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक एवं स्कूल बैग इत्यादि की आपूर्त्ति करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 17.07.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 17.07.2023 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

➢ निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 35,000/– (पैंतीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2022–23 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) निविदादाताओं को उद्योग विभाग से निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4) निविदादाताओं को वाणिज्य कर विभाग से निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5) वित्तीय वर्ष 2021–22 का आयकर रिर्टन (Assesment Year 2022-23) का जमा करना अनिवार्य होगा।
6) आचरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7) निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप से मूल प्रति में जमा करना होगा।
8) पोशाक एवं स्कूल बैग इत्यादि की सभी समाग्रियों का नमूना क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :–**

1) निविदादाताओं को पोशाक एवं स्कूल बैग से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर दिया जाना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

**नोटः– आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची लातेहार जिला के Website (latehar.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।**

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 301427Welfare(23-24)#D

ज्ञान की बात

जैसे गुस्सा हमारी अक्ल को खा जाता है, वैसे ही अहंकार हमारे मन को खा जाता है, इसी प्रकार प्रायश्चित हमारे पाप को खा जाता है, लालच हमारे ईमान को खा जाता है, उसी प्रकार चिंता हमारी आयु को खा जाती है और रिश्वत इंसान को खा जाती है। - अज्ञात



# सावन संकल्प का महीना

**महासावन** की शुरूआत हो चुकी है। यह महीना शिव की उपासना का है। ऐसे में भोलेनाथ के भक्त उनकी उपासना में लग गये हैं। इसके साथ-साथ वर्षा की शुरूआत के बाद किसान भाई खेती में लग जायेगें। प्रकृति हरे-भरे रंग में नजर आने लगी है। भरपूर सिंचाई के बाद खेतों का रंगत बदल जायेगा। चारो तरफ खुशी का माहौल देखने को मिल जायेगा। लेकिन कुछ दुखद पहलू भी हैं। कई जगहों पर वर्षा रानी रूठ गयी हैं। ऐसे में किसानों के रंगत उड़े हुए हैं। ऐसे में विश्वास है इन्द्रदेव कृपा दिखलायेगें। ऐसी हम उम्मीद करें। इन सब से अलग बात यह भी कि हरियाली का दायरा सिमट रहा है। गर्मी के दिनों में जलाशयों का सूखना घोर चिन्ता की बात है। ऐसे में इस बरसात में पानी को संचय कर और पौधा का रोपण कर इस आपदा से निपटने का प्रयास कर सकते हैं। जल संरक्षण नहीं होने की वजह से प्रत्येक वर्ष पानी की दिक्कत होती है। अगर समय पर बारिश नहीं हो रही है तो इसके जिम्मेवार खुद हम हैं। कारण लगातार जंगलों का काटा जाना और डीप बोरिंग की वजह से जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसे में यह माकूल समय है जब बरसात के पानी का संचय किया जाये। बहरहाल शिव के इस महीने में शिवत्व को समझना जरूरी है। शिव को सावन माह में बेलपत्र और जल ज्यादा पसंद है। इसका कारण गहरा है। इसे पानी और हरियाली भी कह सकते हैं। इसमें प्रकृति को समझने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश छिपा है। आज के वर्तमान समय में बेलपत्र और जल के महत्व को लोग नहीं समझ पा रहे हैं। यही कारण है कि हमारे दरवाजे पर असंख्य परेशानियां खड़ी हो जा रही हैं। इसके पीछे का साफ कारण पर्यावरण संरक्षण का संदेश है। यह शिव के साथ शक्ति की उपासना का पर्व है। बोल बम के पीछे भी गहरा रहस्य छिपा हुआ है। इसके बोलने मात्र से माहौल पवित्र हो जाता है। पेड़ पौधों में नई कोंपल प्रकृति को नवयौवन रूप देती है। जिसके बाद नई उर्जा का सूत्रपात हमारे अंदर होता है। ऐसे में इस मौके पर नया पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। ऐसे में शिव के बहाने यह सीखा जा सकता है कि कैसे नियमों का पालन करना चाहिए। शिव हमारे अराध्य हैं। वह कुछ संदेश इस माह में जगत के वासियों को देना चाहते हैं। राज्य का जिम्मेवार नागरिक बन कर इसके विकास में योगदान देने के बारे में जरूर सोचना चाहिए।हालांकि हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि इस मामले में हम-सब एक जवाबदेह नागरिक बनने का कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं। मसलन पर्यावरण के बारे में हमारी लापरवाही बार-बार देखने को मिल रही है। पेड़ आज काटे जा रहे हैं। जंगल और पहाड़ नग्न अवस्था में आ गये हैं। हरियाली नाम की कोई चीज नहीं बची है। जंगलों के जानवर गांव की ओर पलायन करने को बाध्य हो रहे हैं। पानी और भोजन की कमी हो गयी है। जंगली जानवरों के घरों को आधुनिकता की दौढ़ में उजाड़े जा रहे हैं। यही कारण है कि जंगली जानवर जो कभी आदमी के सहचर थे,आज दुश्मन बन गये हैं। पूरी सृष्टि पर हाहाकार मचा है। पानी की किल्लत से कोहराम मचा है। लेकिन इन परेशानियों की वजहों की पड़ताल कोई करने को तैयार नहीं है। यह सब हमारी गलती और स्वार्थ की वजह से हो रहा है। इस बात को समझना जरूरी है। बहरहाल सावन के इस महीने में शिव की अराधना के साथ यह संकल्प लें,कि हमलोग पर्यावरण को संतुलित बनाने में इस बरसात में जरूर एक पेड़ लगायेगें।

**गर्मी के दिनों में जलाशयों का सूखना घोर चिन्ता की बात है। ऐसे में इस बरसात में पानी को संचय कर और पौधा का रोपण कर इस आपदा से निपटने का प्रयास कर सकते हैं।**

# अखण्ड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



ललित गर्ग



**भारतीय** राजनीति से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का गहरा नाता हुआ करता था। वे जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री (वजीरे-आजम) अर्थात प्रधानमन्त्री कहलाता था। वे अखण्ड भारत के सपने को आकार देते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक निशान-एक संविधान को लागू करने के लिये संघर्षरत रहे। उन्हें उनकी अलग विचारधारा के लिए जाना जाता था। उन्होंने हमेशा हिंदुत्व के लिए अपनी आवाज उठाई थी। अखंड भारत के संकल्प के साथ डॉ. मुखर्जी ने अपने प्राणों को आहुत किया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने डॉ. मुखर्जी के अखण्ड भारत के सपने को आकार देते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक निशान-एक संविधान को लागू कर राष्ट्र उन्हें वास्तविक श्रद्धांजलि दे रहा है। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक, कुशल राजनेता, राष्ट्रीयता के समर्थक और सिद्धान्तवादी थे। जब कभी भारत की एकता, अखण्डता एवं राष्ट्रीयता की बात होगी तब-तब डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रजीवन में किये गये योगदान की चर्चा अवश्य होगी। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। डॉ. मुखर्जी निरन्तर राष्ट्र श्रद्धा के प्रतीकों का मान एवं रक्षण करते रहे। वे सदैव देशहित में स्वदेशी चेतना, स्वदेशी जीवन पद्धति, स्वदेशी वेशभूषा तथा स्वदेशी संस्कार के प्रकटीकरण पर बल दिया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले साहसी, निडर एवं जुझारु कर्मयोद्धा थे। जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी एवं अखण्ड राष्ट्रीयता की बात होगी, डॉ. मुखर्जी के अवदानों को सदा याद किया जायेगा। डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व के राजनीतिक आयाम पर बहुत कुछ लिखा गया है, परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत कुछ लिखा जाना शेष है। उनका व्यक्तित्व उनके राजनीतिक जीवन से इतर भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उनका व्यक्तित्व विराट् था। वे शिक्षाविद् थे, प्रशासक थे, समाजसेवी थे, लोकतंत्र के पुरोधा थे और राजनेता थे। अलग-अलग भूमिकाओं में उन्होंने अपना श्रेष्ठ योगदान किया। कश्मीर का आंदोलन केवल राष्ट्रीयत्व के आधार, भारत की एकता की रक्षा के लिए ही नहीं, अपितु लोकतंत्र की आत्मा नागरिक अधिकारो की रक्षा के लिए भी था। उनके बलिदान ने स्पष्ट करा दिया कि भारत के नागरिक के मौलिक अधिकार कितने सुरक्षित हैं! डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथों में ली है, तब से कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने, भारतीय संस्कृति की शिक्षा एवं संस्कार को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे अग्रदूत की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मोदी न केवल भारतीय संस्कृति के ज्ञान को माध्यम बनाकर विश्व समुदाय को जीवन जीने का नवीन मार्ग बता रहे हैं, बल्कि भारत को एक बार फिर जगतगुरु के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बात हाल ही में की गयी अमेरीका एवं मिस्त्र की यात्रा में बढ़-चढ़कर उजागर हुई। डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण एवं संकल्पों को मोदी ने 'माय आइडिया ऑफ इंडिया' के रूप में कई बार संसार के समक्ष भी रखा है। मोदी ने डॉ. मुखर्जी के व्यापक दृष्टिकोण एवं भारत को लेकर उनके सपनों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से प्रस्तुति दी है। देश और दुनिया में उनकी विचारधारा एवं सपनों को प्रभावी ढंग से न केवल प्रस्तुति दी है बल्कि उन अधूरों सपनों को पूरा भी करने की ओर डग भरे हैं। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके आमलोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। अगस्त, 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और कलकत्ता में भयंकर बर्बरतापूर्वक अमानवीय मारकाट हुई। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व सामूहिक रूप से आतंकित था। डॉ. मुखर्जी द्वारा प्रदत्त महान विचार एवं संकल्प तेजस्वी भारत राष्ट्र की परिकल्पना की सृष्टि करता है। डॉ. मुखर्जी का जीवन बहुत संघर्षभरा रहा, अपनी राष्ट्रवादी नीतियों के कारण उन्हें बहुत से विरोध एवं उपेक्षाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। उनके अनुसार भारत कर्मभूमि, धर्मभूमि एवं पुण्यभूमि है, यहां का जीवन विश्व के लिये आदर्श है। भारत राज्य नहीं, सर्व प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र है। इसे राष्ट्र बनाया नहीं, अपितु यह तो सनातन राष्ट्र है। डॉ. मुखर्जी में राजनीतिक शक्ति ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति भी प्रबल थी। वे निरन्तर भारत को शक्तिशाली एवं समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहे। यही कारण है कि वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था।

**अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

**उस** साधु ने उस वणिक के पुत्र को सुन्दर और गुणों से सम्पन्न देखकर अपनी जाति के लोगों तथा बन्धु-बान्धवों के साथ संतुष्टचित्त हो विधि-विधान से वणिकपुत्र के हाथ में कन्या का दान कर दिया। उस समय वह साधु बनिया दुर्भाग्यवश भगवान का वह उत्तम व्रत भूल गया। पूर्व संकल्प के अनुसार विवाह के समय में व्रत न करने के कारण भगवान उस पर रुष्ट हो गये। कुछ समय के पश्चात अपने व्यापारकर्म में कुशल वह साधु बनिया काल की प्रेरणा से अपने दामाद के साथ व्यापार करने के लिए समुद्र के समीप स्थित रत्नसारपुर नामक सुन्दर नगर में गया और अपने श्रीसम्पन्न दामाद के साथ वहां व्यापार करने लगा। उसके बाद वे दोनो राजा चन्द्रकेतु के रमणीय नगर में गये। उसी समय भगवान श्रीसत्यनारायण ने उसे भ्रष्टप्रतिज्ञ देखकर 'इसे दारुण, कठिन और महान् दुख प्राप्त होगा' - यह श्राप दे दिया। एक दिन एक चोर राजा चन्द्रकेतु के धन को चुराकर वहीं आया, जहां दोनों वणिक स्थित थे। वह अपने पीछे दौड़ते हुए दूतों को देखकर भयभीतचित्त से धन वहीं छोड़कर शीघ्र ही छिप गया। इसके बाद राजा के दूत वहां आ गये जहां वह साधु वणिक था। वहां राजा के धन को देखकर वे दूत उन दोनों वणिकपुत्रों को बांधकर ले आये और हर्षपूर्वक दौड़ते हुए राजा से बोले - 'प्रभो! हम दो चोर पकड़ लाए हैं, इन्हें देखकर आप आज्ञा दें'। राजा की आज्ञा से दोनों शीघ्र ही दृढ़तापूर्वक बांधकर बिना विचार किये महान कारागार में डाल दिये गये। भगवान सत्यदेव की माया से किसी ने उन दोनों की बात नहीं सुनी और राजा चन्द्रकेतु ने उन दोनों का धन भी ले लिया। भगवान के श्राप से वणिक के घर में उसकी भार्या भी अत्यन्त दुखित हो गयी और उनके घर में सारा-का-सारा जो धन था, वह चोर ने चुरा लिया।

*(क्रमशः)*

# भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का निर्यातक बनने की ओर अग्रसर



प्रहलाद सबनानी

**भारत** में डिजिटल क्रांति ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में बहुत प्रभावी भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था, आज डिजिटल क्रांति के बलबूते ही, विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच, सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। विकासशील देश तो आज वित्तीय समावेशन की सफलता के क्षेत्र में भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भारत किस प्रकार उनकी मदद कर सकता है। डिजिटल क्रांति से ही भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण भी सम्भव हो सका है। जिसके चलते, वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण प्रति माह औसतन 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है तथा प्रत्यक्ष करों के संग्रहण में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। इससे केंद्र सरकार को भारत में मजबूत आधारभूत संरचना विकसित करने में आसानी हो रही है एवं केंद्र सरकार देश में पूंजीगत निवेश को लगातार बढ़ाने में भी सफल हो रही है। साथ ही, गरीब वर्ग के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को फंडिंग करने में भी किसी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आ रही है। भारत में डिजिटल क्रांति से केवल केंद्र एवं राज्य सरकारों को ही लाभ हुआ है, ऐसा नहीं है। बल्कि, सामान्य नागरिकों, दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों सहित, को भी विभिन्न सरकारी कार्य सम्पन्न करने में बहुत आसानी हुई है। आज भारत में इंटरनेट की सुविधा का उपयोग करने वाले नागरिकों की संख्या शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक हो गई है। भारत का टेलीकाम और डिजिटल मॉडल बहुत सरल, सहज, सुरक्षित एवं पारदर्शी है। जिसके कारण आज भारत डिजिटल क्रांति में पूरी दुनिया में एक अग्रणी देश बन गया है एवं दुनिया की अगुवाई कर रहा है। भारत में डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नित नये नवाचार भी किये जा रहे हैं। जैसे अभी हाल ही में भारत में ई-रूपी को डिजिटल मुद्रा के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस डिजिटल मुद्रा को वालेट अथवा मोबाइल में रखा जा सकता है। डिजिटल मुद्रा के चलन में वृद्धि होते जाने से जेब में रुपये के रूप में मुद्रा रखने की आवश्यकता ही समाप्त हो जायेगी। यह भारत को 'डिजिटल इंडिया' बनाने में एक अहम एवं साकार कदम माना जा रहा है। वर्ष 2022 के केंद्र सरकार के बजट में डिजिटल मुद्रा को भारत में चालू करने के सम्बंध में घोषणा की गई थी। इससे भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती प्राप्त होगी। ई-रूपी, डिजिटल मुद्रा के रूप में बिटकोईन जैसी वर्चुअल करेंसी को समाप्त करने में सहायक होगा एवं इससे गैर कानूनी रूप से भारत में लाई जाने वाली विदेशी मुद्रा (मनी लांडरिंग) पर भी अंकुश लगाने में आसानी होगी। डिजिटल मुद्रा के माध्यम से अन्य देशों में निवास कर रहे लोगों को मुद्रा भेजने में आसानी होती है एवं दूसरे देशों को राशि भेजने पर लगने वाले खर्च में भी लगभग 2 प्रतिशत तक की कमी आने की सम्भावना है। लाभार्थियों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा सकती है, इससे भारतीय नागरिकों को मुद्रा को एक देश से दूसरे देश में हस्तांतरित करने में सहूलियत होने लगेगी।

**डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है।**

अर्थव्यवस्था

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# सांस्कृतिक जागरण की अग्रदूत लक्ष्मी बाई केलकर



रमेश शर्मा

**भारतीय** स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पायेंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसे असंख्य हुतात्माएं हुईं हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिये स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किये और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। जिससे जाग्रत होकर समाज संघर्ष के लिये सामने आया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक जी के अनुयायी थे इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था, लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। पुरुषोत्तम जी विधुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं। यह वह कालखंड था जब स्वाधीनता के लिये अहिंसक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़- चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानों इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा था। यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते। गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनाती थीं। इसके लिए उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओं को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था। और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। एक बार जब गांधी जी ने एक सभा में दान की आह्वान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चैन उतारकर गांधी जी को समर्पित कर दी थी। उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया। उनके पास दोहरा दायित्व आ गया। परिवार में एक विधवा नंद भी रहतीं थीं।

**लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था।**

देश भक्ति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सावन मास में 'रुद्राक्ष' धारण करने से होंगे ये फायदे

रुद्राक्ष को धारण करने के लिए हमेशा आप लाल धागे का प्रयोग करें, और उसमें रुद्राक्ष नीचे हृदय तक संपर्क में रहना चाहिए। वहीं धारण करने से पूर्व भगवान शिव के चरणों में इसे अर्पित करना ना भूलें। जब भी आप रुद्राक्ष पहनें, तो भगवान शंकर का नाम लें, और उनकी आराधना करते हुए उनके चरणों में अर्पित करके ही रुद्राक्ष पहनें। रुद्राक्ष का सम्बन्ध भगवान शंकर के तीसरे नेत्र से माना जाता है।

हमारे धर्म ग्रंथो में वर्णित है कि भगवान शंकर के अश्रु से रुद्राक्ष बना हुआ है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान शंकर सदियों से कठोर तपस्या कर रहे थे, और उन्होंने जब तपस्या के बाद अपनी ऑखें खोलीं, तब उनकी आंखों से आंसू निकला, और उन्हीं आंसुओं से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई, इसलिए भगवान शंकर के अंश से उत्पन्न रुद्राक्ष को पूज्य और सम्माननीय माना जाता है।

हिंदू धर्म शास्त्रों में रुद्राक्ष की मान्यता के सन्दर्भ में ऐसा माना जाता है कि इसको धारण करने से भगवान शंकर न केवल प्रसन्न होते हैं, बल्कि तमाम तरह के रोग एवं ग्रह दोष दूर करने में भी इसका उतना ही महत्त्व है।

सावन के महीने में रुद्राक्ष धारण करने की अपनी विशेष महत्ता बतलाई जाती है, किंतु रुद्राक्ष आप यूं ही धारण न कर लीजिए। यह कोई सामान्य वस्तु नहीं है, जो आप बिना सोचे समझे धारण कर लें। इसके लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जो आपको अवश्य जानना-समझना चाहिए।



## रुद्राक्ष को धारण करने से सम्बंधित नियम!

रुद्राक्ष को सबसे पहले अपने हृदय पर, गले में और हाथों में धारण करना चाहिए। अगर आप हाथ की कलाई पर रुद्राक्ष पहनते हैं, तो उसमें 12 रुद्राक्ष के दाने होने चाहिए। वहीं अगर गले में पहनते हैं, तो 36 और हृदय पर पहनते हैं, तो 108 रुद्राक्ष के दानों को धारण करना चाहिए। रुद्राक्ष का अगर सिर्फ एक दाना आप धारण करना चाहते हैं, तो वह हृदय तक पहुंचना चाहिए।

ऐसा ध्यान रखें कि रुद्राक्ष को धारण करने के लिए हमेशा आप लाल धागे का प्रयोग करें, और उसमें रुद्राक्ष नीचे हृदय तक संपर्क में रहना चाहिए। वहीं धारण करने से पूर्व भगवान शिव के चरणों में इसे अर्पित करना ना भूलें। जब भी आप रुद्राक्ष पहनें, तो भगवान शंकर का नाम लें, और उनकी आराधना करते हुए उनके चरणों में अर्पित करके ही रुद्राक्ष पहनें।

सबसे अहम बात यह है कि रुद्राक्ष पहनने वालों को मांस-मदिरा का सेवन करना वर्जित माना गया है। जिसने रुद्राक्ष धारण किया हुआ है, उसके लिए सात्विक भोजन सर्वोत्तम है। रुद्राक्ष धारण करने के लिए जैसा कि बताया गया है कि सावन महीने की शिवरात्रि की तिथि सर्वोत्तम है, और इसमें भी सोमवार या प्रदोष के दिन इसको धारण करें।

रुद्राक्ष अपने स्वरूप के आधार पर कई तरह के पाए जाते हैं। इसमें एक मुखी रुद्राक्ष ,दो मुखी रुद्राक्ष, 3 मुखी एवं चार मुखी रुद्राक्ष प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहु मुखी रुद्राक्ष भी आपने देखा होगा। सबसे बेहतर यह होगा कि आप ज्योतिष के अनुसार अपने लिए उचित रुद्राक्ष धारण करें।

यहां एक बात आप से जरूर कहना चाहेंगे कि रुद्राक्ष के धार्मिक और वास्तु के प्रभाव अपनी जगह हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक रूप से भी जब आप किसी दोष को दूर करने के लिए या किसी लाभ को प्राप्त करने के लिए कोई वस्तु धारण करते हैं, तो आपको वह वस्तु बराबर याद दिलाती है, और कहीं ना कहीं मनोवैज्ञानिक रूप से भी आपको फायदा मिलता है।

❖ विंध्यवासिनी सिंह

# बच्चे को कब से देना चाहिए ठोस आहार...

नवजात बच्चे को 6 महीने तक सिर्फ और सिर्फ दूध दिया जाता है। वहीं 6 महीने पूरे होने के बाद बच्चे को अन्य खाने-पीने की चीजें दी जाती हैं। लेकिन कुछ लोग कंफ्यूज होते हैं कि बच्चे को ठोस आहार देना कब से शुरू करना चाहिए। नवजात बच्चे को शुरूआत के 6 महीने में सिर्फ मां का दूध पिलाया जाता है। इसके बाद बच्चे को अन्य चीजों का सेवन कराया जाता है। क्योंकि इस अवधि में बच्चे में न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक बदलाव भी आते हैं। बच्चे का चेहरा बदलने के साथ ही उसका शरीर मजबूत होने लगता है। बच्चा अपनो को पहचानने लगता है। इस दौरान बच्चे के खानपान से लेकर उसके हाइजीन तक का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी होता है।

वहीं कई लोग यह नहीं समझ पाते हैं कि बच्चे को ठोस आहार कब से देना चाहिए। कुछ लोग 6 महीने पूरे होते ही बच्चे को ठोस आहार देना शुरू कर देते हैं। तो वहीं बच्चा भी अपने मुताबिक चीजों को खाने लगता है। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज हैं कि बच्चे को ठोस आहार कब से दिया जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है।



**जब बिना सहारे के बैठने लगे बच्चा :** अगर आपका बच्चा भी बिना किसी सहारे के बैठने लगा है तो यह एक संकेत है कि अब आपका बच्चा ठोस आहार का सेवन करने के लिए तैयार हो गया है। जिस दौरान बच्चे बिना किसी सहारे के बैठना शुरू कर देते हैं तो उनका शरीर अंदर और बाहर दोनों तरीकों से विकसित होने लगता है। इस अवधि में बच्चे का पाचन तंत्र भी काम करने लगता है। इसलिए जब बच्चा सहारे के बिना बैठने लगे तो आप उसे ठोस आहार खिला सकते हैं।

**खुद खाने की आदत होना :** नवजात बच्चे को शुरूआत के 6 महीने सिर्फ मां का दूध ही पिलाना होता है। इस दौरान बच्चे खुद से दूध की बोतल भी नहीं पकड़ पाते हैं। वहीं 6 माह बाद बच्चे खुद से चीजों को पकड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे में बच्चा किसी भी चीज को सीधे मुंह की ओर लेकर जाता है। वह खाना खाने की कोशिश करता है। ऐसे में यह संकेत है कि आपका बच्चा ठोस आहार लेने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**खाने की इच्छा जताना :** जब बच्चा अपने सामने किसी बड़े को खाना खाते हुए देखता है कि तो वह भी खाने का प्रयास करता है। ऐसे में आपको समझ जाना चाहिए कि बच्चे का शरीर अब ठोस आहार के लिए तैयार हो गया है। बच्चे में खाने की इच्छा जागना, इसका सीधा मतलब है कि बच्चे का शरीर ठोस खाने को पचाने के लिए तैयार हो रहा है।

**मुंह से खाना बाहर न निकालना :** बच्चे को दूध के अलावा और कुछ भी खिलाना-पिलाना बेहद मुश्किल काम होता है। क्योंकि शुरूआत में जब बच्चे को कुछ खिलाया जाता है तो वह खाने को मुंह से बाहद निकाल देते हैं। लेकिन अगर आप बच्चे को कुछ खिला रहे हैं और वह खाने को मुंह से नहीं निकाल रहा है। तो यह संकेत है कि अब आप बच्चे को ठोस आहार खिला सकते हैं।

**मजबूत दांत :** बच्चे के दांत मजबूत होने का भी यह संकेत होता है कि अब आप बच्चे को ठोस पदार्थ देना शुरू कर सकते हैं। जब बच्चा खाने को चबाना और उसका आनंद लेना शुरू कर दें। क्योंकि जब बच्चे के दांत मजबूत हो जाते हैं तो आप उसे ठोस पदार्थ दे सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# बार-बार बीमार पड़ना कमजोर इम्युन सिस्टम की निशानी...

मानसून में लोगों को पोषण से भरपूर डाइट लेने के लिए कहा जाता है ताकि बीमारियों से बचाव हो सके। लेकिन अगर किसी व्यक्ति का इम्युनिटी सिस्टम ही कमजोर है तो बिमारियों से बचाव हो पाना मुश्किल है। ऐसे में आज हम आपको एक आयुर्वेदिक उपाय बताने जा रहे हैं, जो मानसून में आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करेगा। मानसून की पहली बरसात होते ही संक्रमण का खतरा दोगुना हो जाता है। ऊपर से इस मौसम में लोगों की इम्युनिटी भी कमजोर हो जाती है। इसलिए लोग मानसून में बहुत ज्यादा बीमार होते हैं। मौसमी बीमारियां हर दूसरे व्यक्ति के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। इसलिए बरसात के महीनों में लोगों को अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है। मानसून में लोगों को पोषण से भरपूर डाइट लेने के लिए कहा जाता है ताकि बीमारियों से बचाव हो सके। लेकिन अगर किसी व्यक्ति का इम्युनिटी सिस्टम ही कमजोर है तो बिमारियों से बचाव हो पाना मुश्किल है। ऐसे में आज हम आपको एक आयुर्वेदिक उपाय बताने जा रहे हैं, जो मानसून में आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करेगा। इतना ही नहीं इस उपाय की मदद से आप कई मौसमी बिमारियों से छुटकारा भी पा सकते हैं। आयुर्वेद में कई ऐसी चाय के बारे में बताया गया है, जो सेहत के लिए फायदेमंद मानी जाती है। आज हम ऐसी ही एक चाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जो मानसून में आपको सेहतमंद रखेगी।




इस चाय को बनाने के लिए आपको 1 लीटर पानी, 5-7 तुलसी के पत्ते, 1 चम्मच धनिये के बीज, 7-10 पुदीने की पत्तियां, छोटा अदरक का टुकड़ा। इसके अलावा एसिडिटी और बीपी के मरीज इसमें 1 इलायची का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस चाय को बनाने के लिए सारी चीजों को एक बर्तन में डालकर 5 से 7 मिनट तक उबाल लें। फिर इसको छान कर एक बोतल में डालकर रख लें। आप चाहें तो दिनभर इसका सेवन कर सकते हैं। दिनभर नहीं तो सुबह सबसे पहले खाली पेट इसका सेवन करने से फायदा होगा। आयुर्वेद एक्सपर्ट के अनुसार, ये रेसिपी सभी के लिए फायदेमंद है क्योंकि इसमें तुलसी और अदरक हैं जो गर्म हैं और पुदीना और धनिया है जो ठंडा है। ये चारों ही चीजें मेटाबोलिज्म में सुधार करने और इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए जानी जाती हैं।

❖ एकता

# घरेलू नुस्खों से करें कॉकरोच का सफाया

अगर आपके किचन में भी लाख साफ-सफाई के बाद कॉकरोच आ जाते हैं। तो आपको नीचे बताए गए इन घरेलू नुस्खों को जरूर अपनाना चाहिए। इन नुस्खों को अपनाकर आप कॉकरोच से निजात पा सकती हैं। हम सभी किचन की चाहे जितनी सफाई कर लें, लेकिन कॉकरोच कहीं न कहीं से आ ही जाते हैं। ऐसा कोई भी किचन नहीं होगा जहां पर कॉकरोच ने अपना आतंक न मचाया हो। महिलाएं अक्सर किचन की साफ-सफाई को लेकर काफी ज्यादा परेशान रहती हैं। लेकिन इसके बाद भी कॉकरोच आ जाते हैं। घरों में बच्चों के स्वास्थ्य और हाइजीन की नजर से कॉकरोच बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

कॉकरोच से निजात पाने के लिए लोग महंगे स्प्रे का भी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके कुछ दिनों बाद कॉकरोच फिर से आने लगते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप कॉकरोज से छुटकारा पा सकते हैं।



## कॉकरोच से छुटकारा पाने का तरीका

इस तरीके से कॉकरोच भगाने के लिए आपको छोटे-छोटे लड्डू बनाने होंगे। जिसके लिए आपको यह सामग्री चाहिए होगी।

बोरिक पाउडर (कैरम पाउडर)- 4 चम्मच

मैदा या अरारोट पाउडर

शक्कर

ऐसे बनाएं

सबसे पहले लड्डू बनाने के लिए सभी सामग्री को गूंथ लें। इसके बाद इनकी छोटी-छोटी सी गोलियां बनाकर सिंक, डस्टबिन, किचन कैबिनेट, ओवन के बाजू में, फ्रिज के नीचे नाली के पास और आपको जहां लगता है, वहां-वहां डाल दें। बता दें कि इन लड्डुओं को रखने के बाद से आपको एक भी कॉकरोच नहीं दिखेगा। हालांकि 15 दिनों के अंतराल पर इन्हें बदलते रहें।

## स्प्रे की मदद से भगायें कॉकरोच

सामग्री

अगरबत्ती

कपूर

स्प्रे बॉटल

नींबू या सिरका

रूई

ऐसे बनाएं

स्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले एक पेपर पर अगरबत्ती और कपूर को अच्छे से पीस लें। और फिर इसे बोतल में डालकर विनेगन और नींबू का रस मिला दें। इसमें थोड़ा सा पानी मिला दें और इसे अच्छे से मिक्स करने के बाद उन सारी जगहों पर स्प्रे करें। जहां-जहां कॉकरोच आते हैं। इसकी तेज महक से कॉकरोच आसपास नहीं आएंगे।

## ध्यान रखें ये बातें

बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से बोरिक पाउडर की लड्डू और अगरबत्ती स्प्रे को दूर रखें।

जिस भी बर्तन आदि में कपूर और अगरबत्ती को पीसें। उसे फिर खाने-पीने के लिए इस्तेमाल न करें।

## सूडोकु नवताल- 6752

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6751 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## दैनिक पंचांग

06 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.11 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.27 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.39 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.50 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.04 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.20 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.26 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.12 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.45 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मेष | 00.15 बजे से |
| | | वृष | 01.55 बजे से |
| | | मिथुन | 03.54 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 187 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 06.31 बजे तदनन्तर चतुर्थी 03.13 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 00.25 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 00.00 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 06.31 बजे, बव 16.50 बजे तदनन्तर बालव 03.13 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 44' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871666 **जूलियन दिन** 2460131.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7814



**बाएँ से दाएँ**

1.अपनत्व,अपनाव-5
4.खाने लायक तैयार होना-3
6.गोंद,लाख-2
7.पति,शौहर-3
8.जंगल,अरण्य-3
10.उत्साह,ललक-2
11.प्रलय,आफत-3
12.ईश्वर,रब-4
15.वट वृक्ष-4
16.निर्माण(उर्दू-3)
17.धोखा,कपट-2
18.दृष्टि,निगाह-3
20.स्वदेश,मातृभूमि-3
22.एक पैसा-2
23.विजय,जीत-3
24.आत्मबलिदानी,साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1.उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2.लम्हा,क्षण-2
3.गिरावट,अवनति-3
4.मवाद-2
5.मरियल,दुर्बल-4
8.असरदार,प्रभावी-4
9.नाक छेदना-2,3
13.विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14.मांग,अनुरोध-5
15.बलवा,गदर-4
19.विष,गरल-3
21.अस्तर,स्तर-2
22.देवदास की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -7813 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| प्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | बा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।

**वृष राशि :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन राशि :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कर्क राशि :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कन्या राशि :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला राशि :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मकर राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ राशि :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे।

**मीन राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ


### सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2002 के गुजरात दंगों में कथित तौर पर झेठे सबूत गढ़ने से संबंधित एक मामले में कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ा दी। जस्टिस बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुजरात राज्य द्वारा स्थगन के अनुरोध के बाद नोटिस जारी करते हुए सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे तय की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ गुजरात की तरफ से पेश हुए। उन्होंने ने कहा कि अदालत के समक्ष अतिरिक्त दस्तावेज और उनका अनुवाद दाखिल करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है।

### दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में वकीलों के बीच झड़प, चलीं गोलियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में बुधवार को वकीलों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों गुटों ने हवा में फायरिंग की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि दोपहर करीब 1.35 बजे सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि तीस हजारी अदालत परिसर में गोलीबारी की घटना हुई है। डीसीपी ने कहा, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित वकीलों के दो समूहों ने कथित तौर पर हवा में फायरिंग की जिसमें कोई घायल नहीं हुआ।

# अजित बने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शरद पवार को हटाया



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में गरमाई सियासत के बीच बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों ने बुधवार को अलग-अलग बैठक कर शक्ति प्रदर्शन किया। इन बैठकों के बाद अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग के सामने बड़ा दावा किया है। इसमें शरद पवार की जगह अजित पवार को एनसीपी का अध्यक्ष बनाने का दावा किया गया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बांद्रा स्थित एमईटी कालेज में अपने समर्थक विधायकों व पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। इस बैठक में राकांपा के 32 विधायक उपस्थित थे। इसी तरह शरद पवार के गुट की ओर से नरीमन पाईंट स्थित यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में राकांपा के 16 विधायक उपस्थित थे। राकांपा के कुल 53 विधायकों में से एक नवाब मलिक इस समय जेल में हैं और 4 विधायक तटस्थ रहे। इन चारों ने किसी भी बैठक में जाने से परहेज किया। बैठक के बाद अजीत पवार 32 विधायकों को लेकर होटल ताज लैंड में पहुंचे हैं। इन सभी विधायकों को अजीत पवार ने होटल में सुरक्षित रखा है। होटल में अजीत पवार, छगन भुजबल आदि नेता खुद भी मौजूद हैं। इस बैठक में अजीत पवार ने कहा कि राकांपा में उनके साथ हमेशा अन्याय हुआ। चार बार मुख्यमंत्री बनने का मौका आया, लेकिन नेतृत्व ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने नहीं दिया। अजीत पवार ने कहा कि शरद पवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, फिर अचानक अपना इस्तीफा वापस ले लिया। यह किस तरह की पद्धति है। साथ ही अजीत पवार ने कहा कि वे सुप्रिया सुले को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के लिए तैयार थे। शरद पवार ने अपने समर्थकों की बैठक में कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ा तो कांग्रेस पार्टी की संपत्ति पर हक नहीं जताया था। शरद पवार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस समय गैर भाजपा सरकारों और समर्थकों को तोड़ने का काम किया जा रहा है, लेकिन अब तक का इतिहास है कि जो भाजपा के साथ गया, खत्म हो गया। शरद पवार ने कहा कि छगन भुजबल उनसे कह कर गए कि क्या हो रहा है, देखकर आता हूं और उन्होंने मंत्री पद की शपथ ले ली। दोनों गुटों की बैठक के बाद अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग के सामने बड़ा दावा किया है। इसमें शरद पवार की जगह अजित पवार को एनसीपी का अध्यक्ष बनाने का दावा किया गया है।

### पार्टी पर दावे के लिए निर्वाचन आयोग पहुंचे अजित

**राकांपा** में दो-फाड़ के कुछ दिन बाद अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट ने बुधवार को पार्टी और पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा-एकनाथ शिंदे सरकार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार ने पोल पैनल से संपर्क किया है। सूत्र ने कहा कि चुनाव आयोग को 30 जून को अजित पवार द्वारा प्रतीक आदेश, 1968 के पैरा 15 के तहत एक याचिका प्राप्त हुई है। इसके बाद 30 जून को ही सांसदों/विधायकों/एमएलसी के 40 से ज्यादा हलफनामे (5 जुलाई को) आयोग में प्राप्त हुए। एक प्रस्ताव भी प्राप्त हुआ है जिस पर कोई तारीख नहीं है। इसमें सर्वसम्मति से अजित पवार को राकांपा का अध्यक्ष चुना गया है।

# 2024 में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़कर फेकेंगे : लालू यादव



**एजेंसी। पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि हम लोग फूल माला बेचकर जी लेंगे। मुकदमा, मुकदमा, मुकदमा करो। सिर्फ यही हो रहा है। 2024 में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। कार्यक्रम में लालू यादव ने भोजपुरी में भाषण दिया। उन्होंने महंगाई पर चर्चा की और कहा कि देश में आपसी भाईचारे को खराब किया जा रहा है। लालू यादव ने कहा कि 17 पार्टियों के बड़े नेताओं की नीतीश कुमार के आवास पर बैठक हुई है उससे मोदी सरकार घबरा गई है। 2024 में इसे हम सब मिलकर उखाड़ फेंकेंगे। राजद कार्यालय में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसको लेकर भव्य तैयारी की गई है। 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की गई थी। 1997 से लालू प्रसाद यादव लगातार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। पार्टी कार्यालय को सजाया गया है। पार्टी ने पटना के कई चौक-चौराहों पर तोरण द्वार लगाए हैं। कई जगहों पर पोस्टर लगाए गए हैं। इससे पहले डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भाजपा को जमकर प्रहार किया। उन्होंने राजद कार्यकताओं और समर्थकों को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का आह्वान किया है। तेजस्वी ने इसी बहाने भाजपा और मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए देशहित में भाजपा को हराने की अपील की। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा, आप सभी प्रिय साथियों को राष्ट्रीय जनता दल के 27वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। तेजस्वी ने आगे लिखा, निरंतर 26 वर्षों से मिल रहे आपके अपार सहयोग, अखंड विश्वास और अटूट प्रेम के हम सभी आभारी है। अंबेडकर, गांधी, लोहिया, कपूर्री और लालू जी के समाजवादी विचारों पर चलते हुए कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास ने राजद को प्रदेश में लगातार नंबर वन पार्टी बनाया है। आइए, इस स्थापना दिवस पर हम संकल्प लें कि देश की वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए एकजुट होकर 9 वर्षों से केंद्र में बैठी किसान, युवा, छात्र, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और संविधान विरोधी तानाशाही बीजेपी सरकार को बदलेंगे। इस दौरान तेजस्वी ने अपने पिता की तारीफ करते हुए लिखा, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की रहनुमाई में हम वंचितों, उपेक्षितों, गरीबों, किसानों, कर्मचारियों और युवाओं के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर एक विकसित, खुशहाल एवं शांतिप्रिय समाज का निर्माण करेंगे।

# पीएम 7-8 को 4 राज्यों का करेंगे दौरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री 7 और 8 जुलाई को चार राज्यों का दौरा करेंगे। वह 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश जाएंगे। 8 जुलाई को प्रधानमंत्री तेलंगाना और राजस्थान में रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रायपुर, गोरखपुर, वाराणसी, वारंगल और बीकानेर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और लगभग 50,000 करोड़ रुपये की 50 परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी पीएमओ ने बुधवार को दी। प्रधानमंत्री 7 जुलाई को सुबह करीब 10:45 बजे छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और कुछ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2:30 बजे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचेंगे, जहां वह गीता प्रेस गोरखपुर के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद शाम करीब 5 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे और कुछ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री 8 जुलाई को सुबह करीब 10:45 बजे तेलंगाना के वारंगल पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# एलसीए तेजस हथियारों का करेगा परीक्षण शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए इस साल के अंत तक हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को अगले साल से तेजस एमके-1ए विमान मिलने लगेंगे। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान यहीं से मिग-21 में उड़ान भरकर पाकिस्तान के 'मेहमान' बने थे। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी। वायु सेना को फरवरी, 2024 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए मिलेगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन तेजस एमके-1ए प्राप्त करने वाली पहली स्क्वाड्रन होगी। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्मसुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाईं जाएंगी। तेजस एमके-1 ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायुसेना को मिलेंगे।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग के दौरान हाथ या पैर टूटने पर नहीं दिया जा रहा हर्जाना

### अभी तक इस तरह 15 अग्निवीरों को निकाला जा चुका है

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सेना में भर्ती होने वाले अफसरों को भी शुरूआती प्रशिक्षण के दौरान अपंग होने पर उनको बिना कोई भुगतान किए निकाल दिया जाता रहा है। जबकि कोई आईएएस अफसर प्रशिक्षण के दौरान अपंग हुआ तो उसको सब कुछ दिया जाता है। इस भेद भाव के विरुद्ध 2004 से 2009 तक सांसद रहते हर्षवर्धन सिंह ने संसद में लगातार उठाया था। सरकार को पत्र लिखा था। प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री से मिलकर पत्र दिए थे। उनके रहते तो इस पर कुछ नहीं हुआ था। अब तो वह हैं नहीं। उसी तर्ज.पर अग्निवीरों के साथ भी भेदभाव किया जा रहा है। हाल ही में एक वाकया सामने आया है। बिहार के रितेश बहुत मेहनत के बाद अग्निवीर में भर्ती हुए। लेकिन ट्रेनिंग के दौरान उनके दोनों पैर टूट जाने के कारण उनको आर्मी से घर वापस भेज दिया गया। इसके बाद से सेना की इस पॉलिसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि भारतीय सेना में अग्निवीर बनने की ट्रेनिंग के दौरान यदि कोई जख्मी हो जाए और डॉक्टर 30 दिन की मेडिकल लीव पर भेज दें, तो उनका सेना में शामिल होने का सपना ही टूट जाता है। रितेश की आर्टिलरी सेंटर में ट्रेनिंग शुरू हुई। ट्रेनिंग के दौरान उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हुआ तो डॉक्टर ने मेडिकल लीव पर भेज दिया। वापस आकर फिर रितेश ने 7 हफ्ते और ट्रेनिंग ली, लेकिन कुछ दिन पहले उन्हें डिस्चार्ज लेटर पकड़ा दिया गया। यानी उन्हें सेना से बाहर कर घर भेज दिया। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले मोहन सिंह को भी कंधे में फ्रैक्चर के बाद मेडिकल लीव पर भेजा गया था। जब उनकी ट्रेनिंग पूरी होने वाली थी और कसम परेड में दो दिन ही बचे थे तो उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सिर्फ आर्टिलरी सेंटर में ही ट्रेनिंग कर रहे अग्निवीरों में से 15 से ज्यादा अग्नि वीरों को इसी वजह से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुकन्या मंडल की बेल याचिका पर मांगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को करोड़ों रुपये के पशु तस्करी मामले से संबंधित धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल की बेटी की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। सुकन्या ने उसकी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 1 जून के आदेश को चुनौती दी है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने मामले को 9 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है, जब सुकन्या की एक अन्य याचिका भी सूचीबद्ध है जिसमें ईडी की शिकायत और मामले से संबंधित सभी बाद की कार्यवाही को खारिज करने की मांग वाली याचिका को रद्द करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान, आरोपी की ओर से पेश वकील अमित कुमार ने कहा कि वह 31 साल की एक 'युवा महिला' है और ट्रायल कोर्ट ने तथ्यों और प्रासंगिक कानून को सही परिप्रेक्ष्य में स्वीकार किए बिना उनकी जमानत से इनकार कर दिया। सुकन्या की याचिका में दावा किया गया है कि वह निर्दोष है और उन्हें फंसाया गया है। उसकी हिरासत की अब कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि जांच एजेंसी अपनी जांच पूरी कर चुकी है और पहले ही उसके लिए पूरक शिकायत दर्ज कर चुकी है।




### विद्या ने 'नीयत' में 'नॉट सो क्लासिक जासूस' का किरदार निभाया



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस विद्या बालन अपकमिंग मर्डर-मिस्ट्री फिल्म 'नीयत' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताते हुए कहा कि उनका रोल किसी भी अन्य जासूस से बेहद अलग है। यह क्लासिक जासूस नहीं हैं। इस फिल्म में विद्या ने मीरा राव नामक एक सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अरबपति आशीष कपूर (राम कपूर द्वारा अभिनीत) की आत्महत्या की जांच करती है। जांच के दौरान उसे पता चलता है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है। फिल्म में अपने रोल के बारे में बात करते हुए विद्या ने मीडिया से कहा, मीरा राव किसी क्लासिक मर्डर मिस्ट्री में क्लासिक जासूस नहीं हैं।

### राम चरण की बहन निहारिका कोनिडेला ने की चैतन्य से तलाक की घोषणा



**एक्ट्रेस** निहारिका कोनिडेला, जो दिग्गज सितारे चिरंजीवी और पवन कल्याण की भतीजी हैं, ने बुधवार को शादी के दो साल बाद व्यवसायी-पति चैतन्य जोनलगड्डा से तलाक की घोषणा की। सोशल मीडिया पर महीनों तक चली अफवाहों के बाद सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए निहारिका, जो अभिनेता राम चरण की चचेरी बहन हैं, ने इंस्टाग्राम पर चैतन्य से अलग होने की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने बयान में लिखा, चैतन्य और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। हम आपसे दया और संवेदनशीलता की उम्मीद करते हैं। मेरा साथ देने के लिए मेरे परिवार और दोस्तों का शुक्रिया।

### मिशन

## चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग तैयारियां अंतिम चरणों में

# लैंडर-रोवर 13 चंद्रमा पर होंगे रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**




इसरो के बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर रॉकेट एलवीएम-3 के साथ 13 जुलाई को चंद्रमा पर रवाना होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चंद्रयान-3 लैंडर को आज इसरो श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हेवी लॉन्च रॉकेट पर असेंबल किया गया। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को वही नाम देने का फैसला किया है, जो चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के नाम थे। चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की क्षमता की जांच के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद उसमें से रोवर निकलेगा और सतह पर चक्कर लगाएगा। लैंडर का नाम विक्रम होगा जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है और रोवर का नाम प्रज्ञान होगा। चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के भी यही नाम रखे गए थे। इसरो अधिकारियों के मुताबिक चंद्रयान-2 मिशन फेल होने के बाद का ही अगला प्रोजेक्ट चंद्रयान-3 है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखेगा, लेकिन चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं, एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। चंद्रयान-2 मिशन जिस वजह से असफल हुआ था, उन पर इस प्रोजेक्ट में फोकस किया गया है। चंद्रयान-3 को लॉन्च करने का ऐलान चंद्रयान-2 के लैंडर-रोवर के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार साल बाद हुआ है। चंद्रयान-3 मिशन के जुलाई में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रमा के उस हिस्से तक लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसे डार्क साइड ऑफ मून कहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हिस्सा पृथ्वी के सामने नहीं आता। चंद्रयान -3 का उद्देश्य चंद्र सतह पर एक सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। चंद्रयान-3 को एक लैंडर, एक रोवर और एक प्रणोदन मॉड्यूल को मिलाकर बनाया गया है, जिसका कुल वजन 3,900 किलोग्राम है। अकेले प्रणोदन मॉड्यूल का वजन 2,148 किलोग्राम है जो लैंडर और रोवर को 100 किलोमीटर की चंद्र कक्षा में ले जाएगा।

# नेटफ्लिक्स मिस्ट्री थ्रिलर 'दो पत्ती' में काजोल और कृति सेनन आएंगी एक साथ नजर



**बॉलीवुड** स्टार काजोल और कृति सेनन स्ट्रीमिंग जायंट नेटफ्लिक्स इंडिया की मिस्ट्री थ्रिलर ओरिजिनल फिल्म 'दो पत्ती' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। काजोल ने कहा, स्ट्रीमिंग पर आने का अवसर वास्तव में रोमांचक रहा है क्योंकि यह हमें अज्ञात क्षेत्रों में प्रवेश करने और दुनिया भर के दर्शकों के लिए मनोरम कहानियां पेश करने की अनुमति देता है। काजोल ने कहा कि 'दो पत्ती' की स्क्रिप्ट बेहतरीन है जो रोमांच और रहस्य के अनूठे मिश्रण का वादा करती है। उन्होंने आगे कहा, यह एक ऐसी कहानी है जो न केवल भारत में निहित है, बल्कि उस रोमांच का भी वादा करती है जिसका आनंद सीमाओं के पार मनोरंजन के शौकीन लोग ले सकते हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कृति और लेखिका कनिका ढिल्लों का प्रोडक्शन डेब्यू है। कृति का कहना है कि 'दो पत्ती' उनके दिल में बहुत खास जगह रखती है क्योंकि यह उनके प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के साथ निमार्ता के रूप में उनकी पहली फिल्म है।

## जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

# आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिले में जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को विशेष अभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। समाहरणालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को मुख्य कारणों के बारे में बताया । शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही उन्होंने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों को जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। विशेष रूप से कोविड-19 अवधि के दौरान अन्य जिलों एवं राज्यों में हुई मृत्यु की स्थिति में मृतकों का निबंधन नहीं हो सका था, जिससे कई परिवारों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा था। ऐसे मृतकों को चिन्हित कर उनका निबंधन कर उनके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। अभियान को सफल बनाने के लिए रांची जिला के सभी बीडीओ, अंचल अधिकरियों, सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुवाहाटी रवाना

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव की रणनीति का खाका छह जुलाई को गुवाहाटी में बनेगा। इसे लेकर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को वे गुवाहाटी के लिए रवाना हुए, जहां वे पूर्वी भारत की सांगठनिक इकाइयों की बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा भी शामिल होंगे। केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्वी भारत के सभी राज्यों की सांगठनिक इकाइयों की बैठक बुलाई है, जिसमें झारखंड की भी 14 लोकसभा सीटों की स्थिति को लेकर विचार-विमर्श होगा। झारखंड के अलावा बिहार बंगाल ओडिशा समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों के प्रमुख नेता इस बैठक में भाग लेंगे।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

# संगठन का कार्यकर्ता हूं और रहूंगा : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची महानगर के भाजयुमो के कला और खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से उनके आवास पर मुलाकात की। तीन वर्षों उनके सफल कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता आशुतोष द्विवेदी ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्यकाल को पूरा किया है। उन्होंने तीन वर्षों से पूरे प्रदेश से बूथ स्तर के सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं संगठन का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं और हमेशा रहूंगा। भाजपा को मजबूत करने के लिए हम सभी उजार्वान कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलकर झारखंड में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार मिलकर बनाएंगे। यही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## झाप्रसे के तीन अधिकारी बीडीओ के पद पर नियुक्त

रांची। राज्य सरकार ने प्रखंड पदाधिकारी के पद के लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी हैं। इनमें पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अनिल कुमार सिंह, शशिभूषण वर्मा, अनिल कुमार हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब ग्रामीण विकास विभाग रिक्त बीडीओ के पद पर इन अधिकारियों की पोस्टिंग करेगा। इनकी नियुक्ति से अब कार्यों पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा और कार्यालय के कार्यों में रफ्तार आयेगा। अब लोगों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी।

## झारखंड में एचआरएमएस से मिलेगा मातृत्व और पितृत्व अवकाश

**रांची।** एचआरएमएस पद्धति से ही अब राज्य कर्मियों का मातृत्व और पितृत्व अवकाश स्वीकृत-अस्वीकृत होगा। कार्मिक विभाग ने ऑनलाइन आवेदन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही प्राप्त करने का प्रावधान कर दिया है। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने इसकी जानकारी सभी विभागीय सचिवों को दी है। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत वर्तमान में ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली के तहत छह प्रकार के अवकाश प्रक्रिया को ऑनलाइन निष्पादित किए जाने का प्रावधान है। इस क्रम में एचआरएमएस के अंतर्गत कार्यरत मॉड्यूल अवकाश प्रबंधन प्रणाली के मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश को ऑनलाईन क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है। कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे में अब एचआरएमएस के अंतर्गत ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करते हुए झारखंड राज्य के सभी कर्मियों के द्वारा मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश का आवेदन ऑनलाईन समर्पित किया जायेगा। इसका अग्रसारण एवं अवकाश की स्वीकृति, अस्वीकृति का कार्य भी ऑनलाईन किया जायेगा एवं अवकाश स्वीकृति की स्थिति में स्वीकृत्यादेश भी ऑनलाईन ही निर्गत अब होगा।

## सीएम ने नागरमल मोदी सेवा सदन में रिजनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेन्टर का किया उद्घाटन

# सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नागरमल मोदी सेवा सदन में राज्य की पहली रिजनल ब्लड ट्रांसफयूजन सेन्टर का ऑनलाइन उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद रक्त संबंधी कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो पाएगा, जिससे राज्य की सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम को विधायक राजेश कच्छप एवं रामचंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नागरमल मोदी सेवा सदन के अध्यक्ष अरूण छावछरिया ने कहा कि आरबीटीसी कई स्थानीय नर्सिंग होम, अस्पतालों, एफआरयू और पीएचसी को रक्त एवं अन्य उसके अन्य घटक को तुरंत उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। उन्होंने बताया कि ब्लड सेंटर की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी और वर्ष 2023 में यह क्षेत्रीय ब्लड ट्रांसफयूजन की मान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला निजी ब्लड सेंन्टर बन गया है। उन्होंने आगे बताया कि रिजनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेन्टर के कई लाभ मरीजों को मिलेंगे। मरीजों को कम शुल्क में उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और मिलनसार व्यवहार और सारी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेगी। एक समान गुणवता और सुरक्षित रक्त का प्रावधान और वह भी सीमित समय सीमा के भीतर किया जा सकेगा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी बिना किसी परेशानी के रक्त की व्यवस्था हो सकेगा। इसका उद्देश्य एनीमिया, मातृत्व और शिशु के कारण महिला रोगियों की मृत्यु अनुपात को न्यूनतम करना है। इसके साथ ही इस सुविधा से रक्त की कमी से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकेगा। सबसे जरूरी बात यह है कि जरूरमंदों को सही समय एवं समुचित खर्च पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा। ब्लड बैंक के निदेशक ए.के. झा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा संस्थान अब अपने सदन परिसर में केवल 10 वर्ग मीटर के बहुत छोटे क्षेत्र में रक्त भंडारण केन्द्र खोल सकते हैं। 107.63 वर्ग फुट जहां रक्त और रक्त घटकों को संग्रहीत किया जा सकता है और एक ही छत के नीचे जरूरतमंद रोगिया को उपलब्ध किया जा सकता है। वहीं सेवा सदन के मानद सचिव आशीष मोदी ने बताया कि दूरदराजों के क्षेत्रों में जहां ब्लड ले जाने में काफी समय लगता है ऐसे में इस व्यवस्था से लाभ मिलेगा और खर्च में बचत और जरूरतमंदों के जान जाने की खतरा भी बहुत हद तक टाला जा सकता है। कार्यक्रम में सदन के अध्यक्ष अरूण छावछरिया, पूर्व अध्यक्ष अजय मारू, मानद सचिव आशीष मोदी, सहायक सचिव विजय शंकर साबू, ब्लड बैंक उपसमिति के चेयरमेन रमेश धरनीधरका म्सदस्य आलोक तुलस्यान, प्रेम मित्तल तथा ब्लड बैंक के निदेशक ए.के. झा, महाप्रबंधक आशा श्रेष्ठा सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'तरन्नुम' में झारखंड की खुशबू बरनवाल का हुआ चयन



**रांची।** महिला काव्य मंच, अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन तरन्नुम में भारत की तीन कवयित्रियों के साथ रांची (झारखंड) की सुप्रसिद्ध कवयित्री, लेखिका और संचालिका खुशबू बरनवाल सीपी का चयन हुआ। वह अंतरराष्ट्रीय कवयित्रियों के साथ मंच साझा करेंगी। उनका चयन होना झारखंड प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। खुशबू बरनवाल 'सीपी' जी इस प्रस्तुति को लेकर बहुत हीं उत्साहित हैं। उन्होंने बताया - जब डॉक्टर संगीता सिंह जी का यूएसए से कॉल आया तो मैं बहुत ज्यादा उत्साह से भर गई ।उन पलों का साथ मेरे लिए सुखद होगा कि मैं झारखंड को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करूँगी। मुझे अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुति करने का अवसर मिलेगा। मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन, तरन्नुम प्रतिष्ठित महिला काव्य मंच की शाखा है। इसकी प्रस्तुति भारत के समयानुसार रात्रि 8:00 बजे 6 जुलाई, 2023 को है। इस संस्था की स्थापना श्री नरेश नाज जी के द्वारा पटियाला (पंजाब) में 1 फरवरी 2017 को किया गया।

## तेली समाज को नजर अंदाज करती है भाजपा

**रांची।** पिछले 2 जुलाई को गुमला जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखण्ड की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू ने कहा था कि भाजपा तेली समाज को नजर अंदाज करती है। बंधुआ वोटर समझती है। मोदी के नाम पर ठगती है। अब तेली समाज में भी थोड़ी सी सामाजिक और राजनीतिक जागरुकता आई है। अब बीना भागीदारी दिये भाजपा तेली समाज का थोक वोट नहीं ले सकेगी। मुख्य अतिथि श्री साहू के उक्त बयान के खिलाफ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के इशारे पर गुमला के जिला मीडिया प्रभारी ने हमारे पदाधिकारी को नकाबपोश, अवसरवादी और छुटभैये जैसे शब्दों से सम्बोधित करके पूरे तेली समाज को अपमानित करने का काम किया है। तेली समाज अपना 99% वोट भाजपा को देता आया है। अब समाज में थोड़ी सी जागरुकता आई है और भागीदारी की मांग उठने लगी तो भाजपा हकमारी करने के बाद अब सीनाजोरी भी करने लगी है।

## एक्सआईपीटी में जागरूकता अभियान आयोजित



**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), नामकुम, रांची, झारखंड में न्याय एवं सुलह पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गयाकइस मौके पर संस्थान के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर फादर स्वर्ण तिग्गा ने विस्तार पूर्वक न्याय एवं सुलह पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि न्याय एवं सुलह व्यक्तिगत स्तर, सामुदायिक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समाज पर प्रभावी हो सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण एवं चित्रकला का प्रदर्शन किय और इस विषय से सम्बंधित पोस्टर्स बनाये और जागरूकता फैलाईक संस्थान के को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर प्रदीप केरकेट्टा एसजे एवं प्रभारी प्रिंसिपल राज कुमार के दिशा-निर्देश में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी फैकल्टी एवं छात्रों ने सजीवता से भाग लिया।

# सर्वर की परेशानी के कारण चौथे दिन भी नहीं हुई रजिस्ट्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची समेत राज्य के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में लगातार चौथे दिन भी कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बुधवार को कार्यालय खुलने के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता और आम लोग अपना कार्य कराने रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे, लेकिन सर्वर की परेशानी के कारण किसी का काम नहीं हुआ। अगस्त महीने में रांची समेत पूरे राज्य में निबंधन के शुल्क में बढ़ोतरी होनी है, उससे पहले कई लोग घर, जमीन ,फ्लैट समेत अन्य दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराने की उम्मीद लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। वहीं दूर-दराज से आये लोगों को भी काफी परेशानी हुई ।तकनीकी परेशानी की वजह से आधार वेरिफिकेशन समेत रजिस्ट्री के लिए की जाने वाली कोई भी ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। जिसके कारण एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। यही स्थिति झारखंड के सभी रजिस्ट्री कार्यलयों में रही। रांची, हिनू और कांके स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में दस्तावेजों के निबंधन के लिए दिन भर लिंक आने का इंतजार करते रहे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना युवाओं के लिए वरदान साबित होगा : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बुधवार को इटकी प्रखंड के गड़गांव पंचयात के गाड़गांव ग्राम में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्यूजेशन केंद्र का उद्घाटन मांडर विधानसभा की माननीय विधायिका शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। साथ मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, गरगांव पंचायत मुखीया रजनी उराईं, प्रखंड के उप प्रमुख परवेज आलम, वार्ड सदस्य शबाना प्रवीण, विधायक प्रतिनिधि उमेश साहू एवं इटकी प्रखंड के एफपीओ के बीओडी एवं किसान, छात्र -छात्रा और उनके अभिवाक उपास्थि थे। योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवा युवतियों को कौशल विकाश के विभिन्न ट्रेड (कंप्यूटर, सिलाई, एलेक्ट्रिसियन) में प्रशिक्षित किया जयेगा। विधायक ने समारोह में कही की संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं सरकार की ऐसी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षित युवा युवतियों को रोजगार का अवसर मिलेगा। उनकी पढ़ाई व्यर्थ नहीं की जाएगी खास कर ऐसे बच्चे जो फीस के अभाव में किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर पाते हैं। अपने गांव में ही रह कर इस योजना के तहत उनको प्रशिक्षण मिल पायेगा। भारतीय लोक कल्याण संस्थान एवं झारखंड कौशल विकास मिशन के तरफ से शैलेस कुमार, नवीन कुजूर, मनीष कुमार आलोक कुमार, रीता कुजुर एवं केरकेटेटा, नौशाद आलम, दिनेश साहू फिरोज अंसारी एवं मोहित जी भी उपास्थित थे।

## डीजीपी ने नव प्रोन्नत एडीजी को किया सम्मानित



**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में नव प्रोन्नत एडीजी प्रिया दुबे को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी मुख्यालय मुरारी लाल मीणा, आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आईजी (मानवाधिकार) अखिलेश झा, आईजी अभियान अमोल विणुकांत होमकर, आईजी (प्रोविजन) प्रभात कुमार सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि गत तीन जुलाई को 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया था। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अधिसूचना जारी की थी।

## विरोध — यूसीसी के खिलाफ आदिवासी संगठन का राजभवन मार्च

# यह कानून झारखंड में लागू नहीं होने देंगे : देवकुमार धान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ झारखंड में एक जुट होने लगे हैं। इसके खिलाफ आदिवासी गोलबंद होकर इसके विरोध में आवाज उठाना शुरू कर दिया है। बुधवार को आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठन और सामाजिक नेताओं इसके खिलाफ राजभवन मार्च किया और प्रदर्शन किया। बाद में एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया। प्रदर्शन के मुख्य समन्वयक देवकुमार धान थे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता जारी किए जाने के विरोध एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से उरांव, मुंडा, संथाली, हो, लोहरा, महली, गौड समेत अन्य समुदाय के लोग शामिल हुए। धान ने कहा कि आदिवासियों के विनाश के लिए ही यह काला कानून बनाया गया है। इस कानून से आदिवासियों का आरक्षण खत्म हो जाएगा। साथ ही आदिवासियों के प्रथागत कानून भी खत्म हो जाएंगे। इससे आगे कहा कि पांचवीं अनुसूची, छठी अनुसूची, सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट, विलकिंसन रूल सभी समाप्त हो जाएंगे। वहीं धरना को संबोधित करते हुए आदिवासी धर्म अगुवाओं ने साफ तौर पर कहा कि इस कानून के दायरे से झारखंड के जनजातीय समुदाय को अलग रखा जाए, नहीं तो इसे यहां लागू होने नहीं देंगे। कार्यक्रम की माध्यम से कहा गया कि इस देश में लगभग 10 ।4 करोड़ आदिवासी रहते हैं। झारखंड में ही 32 प्रकार के अनुसूचित जनजाति पाए जाते हैं। इन सभी जनजातियों के अपने रीति रिवाज,परम्परा और अनुठे प्रथागत कानून है आदिवासियों के प्रथागत कानून यूसीसी के आने से गंभीर रूप से प्रभावित होंगे जनजातियों को उनके अलग प्रथागत कानूनों के कारण हिंदू कानूनों से मुक्त रखा गया है। झारखंड में बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति समाज पितृसत्तात्मक है, वह विरासत और उत्तराधिकार कानून में भी लागू होती है। वे पितृसत्तात्मक पद्धति का पालन करते हैं। सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट और विल्किंसन कानून के तहत जनजातियों को सुरक्षा मिला हुआ है। यूसीसी आने के बाद इनकी जल जंगल और जमीन खत्म हो जाएगा। इस क्षेत्र से पांचवी अनुसूची एवं देश से पेसा कानून,सभी स्तरों पर आरक्षण, एसटी अत्याचार कानून, वन अधिकार कानून, सब कुछ समाप्त हो जाएंगा। जिससे आदिवासियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा ।कार्यक्रम में पूर्व और समन्वय समिति के मुख्य संयोजक देवकुमार धान, पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की अध्यक्ष गीताश्री उरांव, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देंवेंद्र नाथ चांपिया, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, आदिवासी रक्षा मंच के मुख्य संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, रामचंद्र उरांव, सुनील फकीरा, कुदरसी मुंडा, नारायण उरांव, निरंजना हेरेंज, दयामनी बारला, दखिन किस्कू यदुनाथ तियू, दामोदर हंसदा, शयाम सुन्दर करमाली, सवना मुंडा महावीर लोहरा जलेश्वर उरांव, मुंशी मुंडा सुधीर किस्कु सैकड़ों की संख्या में आदिवासी शामिल थे।

**झारखंड में बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति समाज पितृसत्तात्मक है, वह विरासत और उत्तराधिकार कानून में भी लागू होती है। वे पितृसत्तात्मक पद्धति का पालन करते हैं**

# 'भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन करें'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त-सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बुधवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी रांची स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल कर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा उपायुक्त द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्रीमती मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। आपको जानकारी हो कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे पदाधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोलेगी आजसू : देवशरण भगत




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता। इससे आम जनता त्रस्त है। ऐसी स्थिति में आजसू पार्टी शांत नहीं रहेगी। भगत बुधवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी मुख्यालय में रांची जिला समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालयों में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार का पदार्फाश करने का कार्य आजसू पार्टी करेगी। कार्यक्रम में उस क्षेत्र के पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष संजय महतो ने जिला समिति के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी जिला के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम में मंच का संचालन रांची जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया। इस मौके पर चिरंजन महतो, गौतम साहू, रामधन बेदिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जर्मनी, स्पेन का दौरा, भारतीय महिला टीम का ध्यान युवाओं पर



**एजेंसी। मुंबई**

टीम में कुछ जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारतीय महिला हॉकी टीम मैचों की एक श्रृंखला के लिए जर्मनी और स्पेन के लिए रवाना होगी, जो सितंबर में आगामी एशियाई खेलों के लिए उसकी तैयारियों का आकलन करने में मदद करेगी।

अगले कुछ महीने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह चीन में एशियाई खेलों से पहले 'बनने या तोड़ने' की अवधि पर है। एशियाई खेलों में जीत से टीम को अगले साल के ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पेरिस में होने वाले मेगा इवेंट के लिए टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इसलिए, अगले कुछ महीनों में कठोर प्रशिक्षण, छिटपुट आराम की अवधि, टेस्ट मैचों का परीक्षण, संयोजनों को ठीक करना और अधिक कठोर प्रशिक्षण शामिल होगा - यह सब एक योजना के अनुसार तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खिलाड़ी उस समय शारीरिक और मानसिक रूप से सर्वश्रेष्ठ हों।

टीम 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए इस यात्रा में पहला कदम यूरोप के तीन सप्ताह के दौरे के साथ उठाएगी, जिसके दौरान वह जर्मनी में चीन और मेजबान देश के खिलाफ द्विपक्षीय मैच और स्पेन में चार देशों का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी, जिसमें मेजबान के अलावा ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका अन्य टीमें होंगी।

टीम स्पेन और जर्मनी दौरे की तैयारी के लिए बेंगलुरु में एक कठिन शिविर से गुजरी है और कोच जेनेक शोपमैन और कप्तान सविता पुनिया दोनों को लगता है कि खिलाड़ी आने वाले चुनौतीपूर्ण समय के लिए तैयार हैं।

जर्मनी और स्पेन के आगामी दौरे के लिए, शोपमैन ने हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले कुछ नए संयोजन तैयार करने के लिए कुछ जूनियर खिलाड़ियों को चुना है। 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने वाले दौरे के जर्मन चरण में भारत पहले मैच में चीन से भिड़ेगा और फिर दो मैचों में मेजबान टीम से भिड़ेगा। स्पेन में, भारत स्पेनिश हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर टेरासा में 25 से 30 जुलाई तक चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा।

इस दौरे पर फोकस युवा मिडफील्डर ज्योति छत्री पर होगा, जो जूनियर विश्व कप टीम का हिस्सा थीं और प्लेइंग इलेवन में स्थायी जगह पक्की करने की उम्मीद कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि ज्योति छत्री इस दौरे पर सीनियर राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेंगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो खिलाड़ी स्पेन और जर्मनी दौरे का हिस्सा हैं वे एशियाई खेलों में शामिल होंगे।

लड़कियाँ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा दौरा किया है और फिर, निश्चित रूप से, मैं जूनियर एशिया कप के लिए जापान में जूनियर टीम के साथ था और वहां कुछ खिलाड़ियों को पास से ही खेलते हुए देख पाया था। मुझे लगता है कि हमारा कोर ग्रुप और मजबूत होता जा रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है क्योंकि इसका मतलब है कि प्रशिक्षण का स्तर ऊंचा है और इसका मतलब है कि हर किसी को प्रदर्शन करना होगा और मैं कुछ एथलीटों से यह भी जानता हूं कि वे टीम में क्या लाएंगे। कप्तान सविता ने कहा कि जर्मनी और स्पेन का दौरा उन कुछ क्षेत्रों पर काम करने का भी मौका है जिनकी कोचिंग स्टाफ ने पहचान की है, हालांकि उन्होंने उन क्षेत्रों को टीम की कमजोरियों के रूप में सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया।

भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला पर क्रेग ब्रेथवेट बोले

# मानसिक तैयारी और रणनीति पर अमल सफलता की कुंजी



**एजेंसी। ब्रेथवेट एंटीगा**

वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रेथवेट का मानना है कि भारत के खिलाफ 12 जुलाई से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मानसिक तैयारी और रणनीति पर अमल करने का हुनर सफलता की कुंजी साबित होगा। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी। ब्रेथवेट और उनकी टीम हालांकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये सत्र का आगाज भारत के खिलाफ करने को लेकर बेताब है । वेस्टइंडीज के क्रिकेटर इस समय कूलीज क्रिकेट मैदान पर तैयारी में जुटे हैं। ब्रेथवेट के हवाले से क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, अच्छी शुरूआत करना अहम है । हम भारत के खिलाफ खेल रहे हैं और सभी को इसका बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा, एक टीम , बल्लेबाजों और गेंदबाजों के तौर पर हमें पता है कि क्या अपेक्षा करनी है और इसी के लिये तैयारी काफी अहम है। उन्होंने कहा, हमें भारतीय टीम और यहां के हालात के बारे में पता है तो मानसिक तैयारी काफी अहम है। हमें सटीक रणनीति बनाकर उस पर अमल करना होगा। ब्रेथवेट ने कैरेबियाई क्रिकेटप्रेमियों से बड़ी तादाद में आकर टीम की हौसलाअफजाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, डोमिनिका में पहला टेस्ट होगा और हम चाहते हैं कि हमारे प्रशंसक बड़ी संख्या में मैदान पर आयें। दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से त्रिनिदाद में होगा। इसके बाद 27 जुलाई से तीन वनडे और तीन अगस्त से पांच टी20 मैच खेले जायेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### लंका प्रीमियर लीग खेलेंगे बाबर, शाकिब, मिलर



**नई दिल्ली।** बाबर आजम, शाकिब अल हसन और डेविड मिलर जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे 30 जुलाई से शुरू हो रही लंका प्रीमियर लीग में खेलेंगे। स्टार स्पोटर्स भारत , श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव में लीग का प्रसारण करेगा । श्रीलंका के तिसारा परेरा, वानिंदु हसरंगा, एंजेलो मैथ्यूज और दासुन शनाका भी लीग में दिखेंगे । इसके मैच कोलंबो अऔर कैंडी में खेले जायेंगे । इसमें पांच टीमें कोलंबो स्ट्राइकर्स, दाम्बुला औरा, गॉल टाइटंस, जाफना किंग्स और बी लव कैंडी भाग लेंगे।

### रूट ने विलियमसन को गंवाया नंबर 1 स्थान



**दुबई।** नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला, क्योंकि इंग्लैंड के स्टार जो रूट ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को शीर्ष स्थान गंवा दिया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने लॉर्ड्स में दूसरेएशेज टेस्ट के बाद शीर्ष की ओर तेजी से प्रगति की है। रूट, जो केवल 10 और 18 का स्कोर ही बना सके, पांचवें स्थान पर खिसक गए, जिससे न्यूजीलैंड के चोटिल अनुभवी खिलाड़ी एक स्थान ऊपर खिसक गए और स्मिथ से केवल एक रेटिंग अंक आगे शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए।

# कुवैत को हराकर 9वीं बार चैंपियन बनी भारतीय टीम



**एजेंसी। बेंगलुरू।**

गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने डाइव लगाकर निर्णायक पेनल्टी बचाई और भारत ने मंगलवार को कुवैत को शूटआउट में 5 . 4 से हराकर नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1 . 1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4 . 4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खालिदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिये बराबरी का गोल लालियांजुआला छांगटे ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1.1 से ड्रॉ खेला था। भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले एक जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4 . 2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिये कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाये। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बायें विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया । अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढत दिलाई। भारत अगले ही मिनट बराबरी कर लेता लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान ने छांगटे का शॉट बचा लिया। इस साल एफआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुने गए छांगटे ने हालांकि 39वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया । सहल अब्दुल समाद और कप्तान छेत्री के बीच पास के आदान प्रदान के बाद गेंद छांगटे तक पहुंची जिसने विरोधी गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने भरसक कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका।

## एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने से रोमांचित हूं : सहरावत



**एजेंसी। बुसान**

भारतीय कबड्डी टीम ने शुक्रवार को बुसान (दक्षिण कोरिया) में ईरान को 42-32 से हराकर अपना आठवां एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप खिताब जीता। कप्तान पवन सहरावत ने 13 अंकों के साथ आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया, इस बीच, असलम इनामदार और अर्जुन देशवाल ने भी क्रमशः 8 और 5 अंक हासिल किए। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना हर मैच जीता। प्रो कबड्डी लीग में पांचवें सबसे ज्यादा रेड पॉइंट स्कोरर पवन सहरावत ने इस जीत के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "टूनामेंट में सभी मैचों में जीत दर्ज करना शानदार था। हम इस तरह के प्रभावशाली प्रदर्शन से रोमांचित हैं। आखिरी प्रो कबड्डी लीग के नौ सीजन ने भारतीय कबड्डी को अगले स्तर पर ले जाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।" इस बीच, स्टार ऑलराउंडर असलम इनामदार ने कहा, "हमें अपना आठवां खिताब जीतने पर बहुत गर्व है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बिल्कुल असाधारण था। नियमित रूप से प्रो कबड्डी लीग खेलने से निश्चित रूप से हममें से सर्वश्रेष्ठ सामने आया है। हम हर साल हाई-ऑक्टेन मैचों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत भाग्यशाली हैं। हम यहां से केवल बेहतर हो सकते हैं और इसलिए हम आगामी सीजन 10 में और भी अधिक सुधार करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।" प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में सबसे ज्यादा रेड पॉइंट स्कोरर अर्जुन देशवाल ने कहा, ₹ईरान को हराना आपको हमेशा एक शानदार एहसास देता है।

## टीम इंडिया के वेस्टइंडीज दौरे का दूरदर्शन छह भाषाओं में प्रसारण करेगा

**मुंबई।** दूरदर्शन (डीडी) भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा। इस दौरे में 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। एक महीने तक चलने वाली द्विपक्षीय श्रृंखला 12 जुलाई से 13 अगस्त तक होने वाली है। डीडी दर्शकों को अपनी भाषा में खेल देखने का विकल्प देगा - टी20और वनडे सीरीज का प्रसारण हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला और कन्नड़ में डीडी स्पोर्ट्स के साथ-साथ नेटवर्क के क्षेत्रीय चैनलों डीडी पोधिगई, डीडी सप्तगिरी, डीडी यादगिरी, डीडी बांग्ला और डीडी चांदना पर किया जाएगा। टेस्ट मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स पर प्राथमिक प्रसारण में हिंदी और अंग्रेजी का संयोजन होगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद यह पहली बार होगा जब टीम इंडिया एक्शन में होगी और टीम नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत जीत के साथ करना चाहेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या उन नामों में से होंगे जिन पर नजर रहेगी।

## कार्लोस अल्काराज को उम्मीद कि फेडरर उनका एक मैच देखेंगे



**एजेंसी। लंदन**

दुनिया के नंबर 1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मजाकिया अंदाज में अपनी 'ईर्ष्या' व्यक्त की कि रोजर फेडरर उन्हें नहीं देख रहे थे क्योंकि उन्होंने विंबलडन के पहले दौर में अपना दबदबा बनाया था और उन्हें उम्मीद है कि स्विस दिग्गज उनका एक मैच देखेंगे। अल्काराज ने मंगलवार को विंबलडन में जेरेमी चार्डी के खिलाफ अपनी पहले दौर की जीत पूरी की। स्पैनियार्ड नंबर 1 कोर्ट पर विजयी हुए, जबकि फेडरर, जो अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक विशेष समारोह के लिए ऑल इंग्लैंड क्लब में उपस्थित थे, सेंटर कोर्ट पर रॉयल बॉक्स में बैठे गत चैंपियन एलेना रिबाकिना के मैच को देख रहे थे। अल्काराज ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹मैच के बाद, मैं फोन पर मेरे पास मौजूद हर चीज, सभी कहानियां, सभी पोस्ट की जांच कर रहा था। मैंने देखा कि रोजर फेडरर यहां थे। मुझे थोड़ी ईर्ष्या हो रही थी। "ईमानदारी से कहूं तो, मैं चाहता हूं कि रोजर फेडरर मेरा एक मैच जरूर देखें। मैं उनके साथ थोड़ी बातचीत करना चाहता हूं। मेरे लिए, यह आश्चर्यजनक होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं उन्हें एक से अधिक बार देखूंगा। अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के द बिग थ्री के उत्तराधिकारी हैं।

## एचआईएल के पुनरुद्धार के लिए हुई हॉकी इंडिया लीग समिति की बैठक



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुनरुद्धार को गति देते हुए, पद्म श्री डॉ. दिलीप टिर्की की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की गई। एचआईएल समिति ने वाणिज्यिक एजेंसी बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल का संज्ञान लिया और पुरुषों की एचआईएल के लिए आठ फ्रेंचाइजी और आकर्षक लीग के महिला प्रारूप में चार टीमों की सुविधा की संभावनाओं पर भी चर्चा की। एचआईएल को हॉकी इंडिया की सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक के रूप में श्रेय देते हुए, जिसने पिछले कुछ वर्षों में टोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक सहित भारतीय पुरुष टीम को सफलता दिलाई, हॉकी इंडिया लगातार एक सफल वित्तीय मॉडल की दिशा में काम कर रहा है जो न केवल लीग की बहाली करेगा, बल्कि इसकी स्थिरता भी सुनिश्चित करेगा। आज हुई बैठक के आधार पर अपनी योजनाओं के बारे में खुलासा करते हुए, एचआईएल के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, "आज समिति ने वित्तीय अनुमानों की समीक्षा की और वाणिज्यिक एजेंसी द्वारा प्रस्तावित एक स्थायी वित्तीय मॉडल पर सहमति व्यक्त की, जिसने समिति को एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी। इस प्रस्ताव की अगले महीने (10 अगस्त) हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड द्वारा समीक्षा की जाएगी जहां हम इसके कार्यान्वयन पर निर्णय लेंगे।" उन्होंने कहा,"हम एचआईएल के महत्व को समझते हैं जिसने हमारे खिलाड़ियों को काफी अनुभव दिया है और अंतरराष्ट्रीय हॉकी में उनके प्रदर्शन को ऊपर उठाने में मदद की है। इसी तरह, हमारा मानना है कि महिला एचआईएल विश्व हॉकी में वांछित परिणाम लाने में सकारात्मक प्रभाव डालेगी। समिति के सदस्य आज प्रस्तुति से प्रसन्न हुए और मुझे खुशी है कि अब हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।" हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, जो आज एचआईएल समिति की बैठक का हिस्सा थे, ने लीग को पुनर्जीवित करने में हुई प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "हम इस संबंध में कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं और जबकि हम लीग को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एक स्थायी योजना बनाई जाए।

## एमसीसी के कुछ सदस्यों का व्यवहार बिल्कुल गलत था : डेविड गॉवर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लीड्स इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर ने दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन लॉर्ड्स में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के कुछ सदस्यों के ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के प्रति व्यवहार को बिल्कुल गलत और बेहद विडंबनापूर्ण बताया है। लॉर्ड्स में पांचवें दिन के खेल में एलेक्स कैरी ने जॉनी बेयरस्टो को स्टंप किया था, जब बल्लेबाज क्रीज से बाहर निकल गए थे, उसके बाद लंच ब्रेक के दौरान, एमसीसी के सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ धक्का-मुक्की की, मजाक उड़ाया और उनकी आलोचना की। एमसीसी के कुछ सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों, विशेषकर ख्वाजा के प्रति मौखिक दुर्व्यवहार किया, जिन्होंने बाद में इस व्यवहार को अपमानजनक कहा। परिणामस्वरूप, एमसीसी ने लॉड्र्स में दर्शकों के प्रति उनके व्यवहार के लिए तीन सदस्यों को निलंबित कर दिया। एसईएन रेडियो पर गॉवर ने कहा, मुझे यह बहुत ही विडंबनापूर्ण लगा, और यह भयानक भी है, कि एमसीसी सदस्य उस्मान ख्वाजा पर हमला कर रहे थे जो वास्तव में क्रिकेट में सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। यह बिलकुल गलत है. मैं पिछली एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में था और मैंने उसे वहां शतक बनाते देखा और यहां भी उसे शतक बनाते देखा।"गॉवर ने कहा, यह एक तरह की पैक मानसिकता है जो मुझे पसंद नहीं है, मैं इससे बिल्कुल नफरत करता हूं। आपके पास लोग या क्लब नहीं हो सकते - क्योंकि एमसीसी निश्चित रूप से यही है, यह एक निजी क्लब है - जिसका विश्व क्रिकेट में एक ऊंचा स्थान है।"

चुनौती

## अजीत अगरकर टीम इंडिया के नये मुख्य चयनकर्ता

# वर्ल्ड कप की टीम चुनने की होगी जिम्मेदारी



**एजेंसी। मुंबई**

भारत के पूर्व गेंदबाज अजीत अगरकर सीनियर पुरुष चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष बन गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। बोर्ड ने कहा, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में एक चयनकर्ता के पद के लिये आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने सर्वसम्मति से उक्त पद के लिये अजीत अगरकर की सिफारिश की है। विज्ञप्ति में कहा गया, समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिये भी अगरकर की सिफारिश की। उल्लेखनीय है कि एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद फरवरी में चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले पांच महीनों से यह पद खाली था। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली बीसीसीआई की अधिसूचना के अनुसार, कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुका व्यक्ति ही चयनकर्ता के पद के लिये आवेदन कर सकता था।

साथ ही कम से कम पांच साल पहले संन्यास ले चुका व्यक्ति ही आवेदन के लिये पात्र था। अगरकर ने 110 प्रथम श्रेणी, 270 लिस्ट-ए और 62 टी20 मैच खेलने के अलावा 26 टेस्ट, 191 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह 2007 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित उद्घाटन टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे। एकदिवसीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाये गये सबसे तेज अर्द्धशतक का रिकॉर्ड अब भी अगरकर (21

### महिला टी20 के लिए जहांआरा, फरगाना हक को किया बाहर

**ढाका।** तेज गेंदबाज जहांआरा आलम और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फरगाना हक को भारत के खिलाफ 9 जुलाई से शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी महिला टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम से बाहर कर दिया गया है। जहांआरा और फरगाना के अलावा, ऑलराउंडर लता मंडल, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज फरिहा त्रिस्ना और बाएं हाथ की बल्लेबाज रूबिया हैदर को भी मई में श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में रहने के बाद बाहर किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा जारी बयान में, हालांकि, फरगाना, लता और फरिहा को शर्मिन अख्तर सुप्ता के साथ श्रृंखला के लिए स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों के स्थान पर, अनुभवी ऑलराउंडर सलमा खातून, बल्लेबाज दिलारा अख्तर, शाथी रानी और शोर्ना अख्तर, साथ ही तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ श्रृंखला के लिए मुख्य टीम में आए हैं, जो 6 जुलाई को देश में पहुंचेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी20 मैच 9, 11 और 13 जुलाई को ढाका समय के अनुसार दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे। गौरतलब है कि बांग्लादेश 2024 महिला टी20 विश्व कप का मेजबान भी है। टी 20 श्रृंखला के समापन के बाद, भारत और बांग्लादेश 16, 19 और 22 जुलाई को एक ही स्थान पर तीन वनडे मैच खेलेंगे। तीन वनडे मैच 2022-25 आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा हैं, जो भारत की मेजबानी में होने वाले 2025 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए दस टीमों के बीच खेला जाता है।

